RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 344 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शनिवार 1 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

खास खबर

सरकार को हाईकोर्ट का झटका, 100 फीसदी आरक्षण वाली अधिसूचना निरस्त

रायपुर। आरक्षण को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार को हाईकोर्ट ने एक और झटका दिया है। हाईकोर्ट ने बस्तर व सरगुजा संभाग के अलावा बिलासपुर संभाग के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही व कोरबा जिले में भी सरकारी नौकरियों में स्थानीय निवासियों को 100 प्रतिशत आरक्षण देने वाली अधिसूचना रद्द कर दी है। इसके साथ ही इन जिलों में भी आरक्षण की व्यवस्था खत्म हो गई। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों-जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने की नसीहत दी है।

सरकार के इस फैसले के खिलाफ 141 व्यक्तियों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं लगाई थी। इस मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरूप गोस्वामी और गौतम चौरड़िया ने आदेश पारित कर आरक्षण वाली अधिसूचना को रद्द कर दिया। अब इस मामले में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने उच्च न्यायालय के फैसले की प्रति लगाते हुए विभागाध्यक्षों, संभाग आयुक्तों व कलेक्टरों के साथ ही जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर हाईकोर्ट के फैसले से अवगत कराया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 12 मई 2022 में बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों व बिलासपुर संभाग के तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों पर स्थानीय निवासियों की पात्रता को निरस्त कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आगे सरकार का क्या रुख होगा। जहां तक हाईकोर्ट के निर्णय की बात है तो फिलहाल आरक्षण को लेकर सरकार को झटका ही लगा है।

कुम्हारी हत्याकांड का खुलासा

मोहनी दवा के लिए छोटे भाई ने मांगे थे पैसे, मना करने पर कर दी हत्या

■ **कपसदा की बाड़ी में हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, मृतक के छोटे भाई सहित तीन आरोपी गिरफ्तार**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कुम्हारी थाना अंतर्गत कपसदा गांव में बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात को हुई चार लोगों की हत्या का शनिवार को दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने खुलासा कर दिया है। शनिवार को सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी पल्लव घटना का खुलासा करते कई राज खोले। हत्या की वजह छोटे भाई की गलत संगत व मोहनी दवा की लालसा थी और वह अपने बड़े भाई के टाटबाट से भी चिढ़ने लगा था। इसके कारण उसने हत्या की प्लानिंग की और अपने दो साथियों के साथ इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपियों ने घर से सात लाख से ज्यादा का कैश भी पार कर दिया। फिलहाल इस हत्याकांड के तीनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। वहीं एसपी ने मामले की खुलासे के लिए अलग-अलग टीमें बनाई थी।

बता दें कुम्हारी के कपसदा गांव में पूनाराम टंडन की बाड़ी में गुरुवार सुबह चार पति पत्नी व दो बच्चों की लाशें मिली। ओडिशा के बलांगीर से आकर पिछले 12 वर्षों से भोलानाथ यादव अपने परिवार के साथ यहां रह रहा था। गुरुवार सुबह यहां भोलानाथ, उसकी पत्नी नैला यादव व दो बच्चे मुक्ता और परमद की लाशें मिली। सूचना के बाद मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे और जल्द ही इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी मृतक का भाई किस्मत यादव व उसके दो साथियों आकाश मांझी तथा टीकम दास धृतलहरे को गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों भाईयों के थे एक ही महिला से संबंध

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि मृतक भोलानाथ यादव अवैध कामों में लिप्त था। बाड़ी में जुआ खिलाने से लेकर कई काम कराता था। इससे वह काफी पैसा बना रहा था। दिन ब दिन भोलानाथ यादव की अय्याशियां बढ़ रही थी। यही नहीं मृतक भोलेनाथ व आरोपी किस्मत यादव की एक ही महिला से संबंध थे। किस्मत यादव को लगता था कि उसके बड़े भाई के पास मोहनी दवा है और इसी के कारण व खूब पैसा कमा रहा है और उसकी महिला मित्र को भी उसने अपने वश में कर लिया है।

तीनों ने मिलकर पी शराब और रात को पहुंचे बाड़ी में

इसके बाद किस्मत यादव ने आकाश मांझी व टीकम धृतलहरे के साथ मिलकर बुधवार को दोपहर से ही शराब पीना शुरू किया। इसके बाद रात को वे भोलानाथ की बाड़ी के गेट के पास पहुंचे। किस्मत यादव ने अपने भाई को आवाज देकर बुलाया। गेट से किस्मत ने भोलानाथ से पैसे की मांग की। इसके बाद भोलानाथ यादव मना करते हुए बुराभला कहना शुरू कर दिया। इस दौरान मारपीट शुरू हो गई। इस दौरा बाड़ी में पड़े कुल्हाड़ी से किस्मत ने भोलानाथ पर वार कर दिया। इसके बाद आकाश मांझी ने खेत में ही स्थित सब्बल तथा आरोपी टीकम द्वारा फसल काटने के पटटे से भोलानाथ के सिर पर लगातार वार किए। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद भोलानाथ की पत्नी ने चीखना शुरू कर दिया तो आरोपियों ने उसकी भी हत्या की। घर पर सोए दो बच्चों की भी हत्या कर दी।

मोहनी दवा खाना चाहता था आरोपी

पूछताछ में यह भी बात सामने आई है कि आरोपी किस्मत यादव मोहनी दवा खाना चाहता था। इसके लिए उसने आकाश मांझी से संपर्क किया। आकाश मांझी इससे पहले मृतक भोलेनाथ यादव का दोस्त हुआ करता था दोनों में मनमुटाव हो गया। आकाश मांझी ने मोहनी दवा के लिए पैसे भी मांगे। इसके बाद किस्मत यादव ने अपने भाई से इसके लिए पैसे मांगे थे लेकिन उसने देने से मना कर दिया। बड़े भाई के पास अत्याधिक पैसा और अपने पास नहीं होना किस्मत यादव को काफी खल रहा था। इसलिए उसने अपने भाई की हत्या की प्लानिंग की।

शारदीय नवरात्र : मां कात्यायनी

माँ दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है।

इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। यह वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं।



माँ कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिन्दी यमुना के तट पर की गई थी।

इसीलिए यह ब्रजमण्डल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यन्त भव्य और दिव्य है। यह स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएँ हैं। दायीं तरफका ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। माँ के बाँयी तरफके ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है।

इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है।

5जी का शुभांरभः 21वीं सदी की सबसे बड़ी शक्ति का हुआ आगाज, टेक्नोलॉजी सेक्टर में आएगी क्रांति-पीएम मोदी

श्रीकंचनपथ डेस्क

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी 2022) के छठे एडिशन में 5जी सर्विस का शुभारंभ किया। पहले फेज में 13 शहर दिल्ली, गांधीनगर, गुरुग्राम, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, हैदराबाद, चंडीगढ़, चेन्नई, लखनऊ, मुंबई जामनगर और पुणे में 5जी कनेक्टिविटी की शुरुआत होगी। इसके बाद 5जी को देश के हर हिस्से में पहुंचाया जाएगा। यह कार्यक्रम चार अक्तूबर तक चलेगी। आईएमसी 2022 को इसके आधिकारिक एप से भी लाइव देखा जा सकता है। आईएमसी की शुरुआत पहली बार 2017 में की गई थी। पिछले दो साल से आईएमसी का आयोजन वर्चुअल हो रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आज पूरे दिल से कह सकता हूं कि भारतीय दूरसंचार उद्योग के रूप में, हमने जो प्रदर्शित किया है, उसपर बहुत गर्व है। सीओएआई और डीओटी दोनों से मैं कह सकता हूं कि अब हम नेतृत्व को तैयार हैं और भारतीय मोबाइल कांग्रेस को अब एशियन मोबाइल कांग्रेस और ग्लोबल मोबाइल कांग्रेस बन जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के छठे एडिशन की शुभारंभ सभा को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी मौजूद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा 21वीं सदी की सबसे बड़ी शक्ति का आगाज हुआ। इससे देश के टेक्नोलॉजी सेक्टर में क्रांति आएगी।

तेज होगी विकास की रफ्तार

संचार से जुड़ी नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और मशीन लर्निंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जा सकेगा। नई टेक्नोलॉजी का फायदा सिर्फ इंटरनेट यूजर्स को ही नहीं मिलेगा बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, उद्योग, आपदा प्रबंधन और कृषि जैसे क्षेत्रों में भी इसे लागू किया जा सकेगा। कई हार्डवेयर सॉल्यूशंस इस टेक्नोलॉजी के रोलआउट के बाद सक्रिय रूप से इस्तेमाल किए जा सकेंगे।

उन्होंने दिल्ली के प्रगति मैदान में आज 1 अक्टूबर से शुरू हुए इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2022 आयोजन के पहले दिन इन सेवाओं की शुरुआत की। इसके बाद सबसे पहले इंडस्ट्रीज और फिर बाकी यूजर्स के लिए ये 5जी सेवाएं रोलआउट की जाएंगी। लगभग सभी टेलिकॉम कंपनियों ने 5जी रोलआउट के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

4जी के मुकाबले 20 गुना तक ज्यादा स्पीड

भारत में 5जी सेवाएं इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को 4जी के मुकाबले 20 गुना तक तेज इंटरनेट स्पीड का फायदा मिल सकता है और वे 20जीबीपीएस तक स्पीड अनुभव कर सकेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय ग्राहक 5जी सेवाओं में अपग्रेड के लिए 45 प्रतिशत तक प्रीमियम देने को तैयार हैं। बता दें, देश में 5जी रेडी स्मार्टफोन्स वाले 10 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं।

पीएम मोदी ने कहा, भारत में 5जी का रोलआउट भारत के दूरसंचार इतिहास में कोई सामान्य बात नहीं है। यह 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों और उच्च आकांक्षाओं को अपने कंधे पर उठाए हुए है। 5जी के साथ, भारत सब का डिजिटल साथ और सब का डिजिटल विकास की दिशा में मजबूत कदम उठाएगा। भारत ने भले ही थोड़ी देर से शुरुआत की हो, लेकिन हम दुनिया की तुलना में उच्च गुणवत्ता वाली और अधिक किफायती 5जी सेवाओं को शुरू करेंगे। आज, मैं दिसंबर 2023 तक हमारे देश के हर शहर, हर तालुका और हर तहसील में 5जी पहुंचाने की जियो की प्रतिबद्धता को दोहराना चाहता हूं। जियो की अधिकांश 5जी भारत में विकसित की गई है, इसलिए आत्मानिर्भर भारत की मुहर इसपर लगी है।

ये कैसा जाल जिसमें केवल लड़कियां फंसती हैं

श्रीकंचनपथ न्यूज

प्रेम कभी समर्पण, त्याग और बलिदान का पर्याय हुआ करता था. पर अब स्थिति उलट चुकी है. अब प्रेम एक ऐसा खेल है, जिसमें शतरंज खेलने से भी ज्यादा शातिर दिमाग की जरूरत होती है. इसमें विभिन्न प्रकार के जाल फैलाए जाते हैं. इस जाल की खास बात यह है कि इसमें बिना चारा डाले ही बालिग-नाबालिग किसी को भी फंसाया जा सकता है. पर यह जाल भी जेंडर बायस्ड है. इसमें आमतौर पर लड़कियां ही फंसती हैं. वैसे प्रकृति ने लड़कियों को छठी इंद्रीय दे रखी है जिससे वे चाहें तो किसी की नीयत को चुटकियों में ताड़ सकती हैं. पर इस जाल में फंसी लड़कियों की छठी इंद्रीय सुप्त हो जाती है. कभी- कभार लड़के भी फंसते हैं, पर कुछ तो मेल इगो और कुछ बेशर्मी उनके काम आ जाती है. फंसने के बाद भी उन्हें अपने इशारों पर नचाना मुश्किल ही होता है. हालांकि इसके भी अपवाद हैं. पुरुष किसी खास ओहदे पर हो, समाज में उसकी कोई साख हो तो वह भी बेचारा बनकर उंगलियों के इशारे पर नाचने लगता है. अब जबकि मोबाइल फोन के रूप में हर हाथ में कैमरा और रिकार्डर आ गया है, तो इस जाल में कुछ दांत भी उग आए हैं. ये दांत जाल में फंसे लोगों को काटते हैं, चबाते हैं और लहूलुहान कर देते हैं. कोई ऑडियो रिकार्ड कर लेता है तो कोई वीडियो बना लेता है. जोश ज्यादा हो तो लोग अपना पर्सनल वीडियो खुद शूट कर उसे शेयर कर देते हैं. पहले कहा जाता था कि प्रेम जीवन में एक ही बार होता है. गलत कहते थे वो लोग. प्यार बार-बार, कई बार हो सकता है. फटाफट प्यार का एक फायदा यह भी है कि इसमें फटाफट ब्रेकअप की भी सुविधा है. कपल फोटोग्राफ्स को बीच से फाड़ लो, गिफ्ट्स लौटा दो और हो गया ब्रेकअप. रह जाता है केवल मोबाइल में कैद इसका इतिहास. कुछ लोग नंबर, फोटो, वीडियो और कॉल रिकार्ड डिलीट कर देते हैं. पर कुछ लोग इसकी कापियां रख लेते हैं. उनका 'यह दिल मांगे मोर' इतनी जल्दी हार नहीं मानता. वह फोटो, वीडियो की बिनाह पर ब्लैकमेल करने लगता है. कभी मिलने बुलाता है, कभी पैसे मांगता है तो कभी कुछ और. जब पानी नाक तक आ जाता है तो लोग पुलिस के पास पहुंचते हैं. पुलिस ऐसे मामलों से तंग आ चुकी है. जब-जब ऐसी कोई लड़की उनके सामने आती है, उनकी आंखों के आगे अपनी बहन-बेटी का चेहरा घूम जाता है. वे आशिक की जमकर धुनाई करते हैं. स्कूल-कॉलेज में जाकर लड़कियों को समझाते हैं, सुरक्षा और आत्मरक्षा के टिप्स भी देते हैं. पर समस्या है कि सुरसा के मुंह की तरह फैलती चली जा रही है. दरअसल जब पुलिस ज्ञान बांट रही होती है, तब भी ऐसे कपल्स किसी पेड़ के नीचे, किसी थिएटर के कोने में बैठे होते हैं. इनकी आवाज उनतक पहुंचती ही नहीं.

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

द्वितीय पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

जन्म :- 10/06/1948 निर्वाण : 01/10/2020

स्व. एन. आर. झापटे जी

।। श्रद्धावनत् परिवार।।

कमल झापटे (पत्नी), नरेश कुमार झापटे (ज्येष्ठ पुत्र), डॉ. राजकुमार झापटे (पुत्र), बसंत कुमार झापटे (पुत्र), भरत कुमार झापटे (पुत्र), आरती (देवकी) झापटे (पुत्रवधु), सविता झापटे (पुत्रवधु), भावना झापटे (पुत्रवधु)

पता :- कमलकुंज, इंदिरा नगर, कोहका रोड, सुपेला, भिलाई
मो. नं. - 8770610513

संपादकीय

गैर-जरूरी काफिले

भारतीय जनमानस भले ही वैभव की ओर आकर्षित होता है, लेकिन वह आदिकाल से सादगी का समर्थक रहा है और कम से कम अपने जन-प्रतिनिधियों से तो सादगी की उम्मीद सबसे ज्यादा करता है। हालांकि, कई बार कुछ नेता सादगी को किनारे रख देते हैं। ठीक ऐसा ही मामला पंजाब में सामने आया है, जहां मुख्यमंत्री के काफिले का आकार अचंभित कर देता है। आखिर किसी मुख्यमंत्री को 42 वाहनों के काफिले के साथ क्यों चलना चाहिए? कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने शुक्रवार को 'वीवीआईपी कल्चर' के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना की है, तो अचरज की कोई बात नहीं। सूचना के अधिकार के तहत यह पता चला है कि पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री के काफिले में 42 गाड़ियां रहती हैं, जबकि उनके पहले के मुख्यमंत्री के काफिले में 39 गाड़ियां थीं, उसके पहले के दोनों मुख्यमंत्रियों के काफिले में 33-33 गाड़ियां हुआ करती थीं। कहने की जरूरत नहीं है कि 33 की संख्या भी जरूरत से बहुत ज्यादा है, लेकिन 42 की संख्या को कैसे न्यायोचित ठहराया जाएगा? ध्यान देने की बात है, यह कोई आरोप नहीं है। पंजाब के परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदान की गई यह सूचना अफसोस का भाव जगाती है। अगर यह जानकारी गलत है, तो पंजाब सरकार को सुधार करना चाहिए और अगर यह जानकारी सही है, तो भी पंजाब सरकार को विचार करते हुए परंपरा और लोकतांत्रिक धारणा के अनुरूप सुधार करना चाहिए। आम आदमी पार्टी से लोगों को बहुत उम्मीदें रही हैं और इन उम्मीदों को अपने बात-विचार से स्वयं आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ही आम लोगों में जगाया है। अत: विकल्प देने का वादा करने वाली इस पार्टी के नेताओं को अपने वादों के अनुरूप आचरण के प्रति ज्यादा सजग रहना चाहिए। लोगों को यह उम्मीद तो रही है कि कम से कम एक पार्टी तो हो, जिसके नेताओं की कथनी-करनी में ज्यादा अंतर न हो। आज पंजाब में विरोधी नेता याद दिला रहे हैं कि जब मुख्यमंत्री नहीं थे, तब भगवंत मान सवाल करते थे कि ये 'राजा और महाराजा' इतने वाहनों के काफिले का क्या करते हैं? क्या मुख्यमंत्री भगवंत मान अब खुद स्पष्ट करेंगे कि वह 42 वाहनों के काफिले के साथ क्या कर रहे हैं? अपने देश में जब नेताओं के पास एक या दो गाड़ियां हुआ करती थीं, तब क्या देश की सेवा नहीं होती थी? माना कि समय बदल गया, सुरक्षा के खतरे बहुत बढ़ गए, पांच गाड़ियों के साथ अगर दस गाड़ियां और जुड़ गईं, तो भी काफिले में 15 गाड़ियां क्या पर्याप्त नहीं हैं? छोटे-छोटे काम के लिए भी अधिकारियों, नेताओं, कार्यकर्ताओं, पुलिसकर्मियों, चिकित्साकर्मियों, अग्निशमन कर्मियों और सामान्य सेवकों की पूरी सेना लेकर चलना कहां तक उचित है? अगर किसी मुख्यमंत्री के पास 40 वाहनों का काफिला है, तो उसके साथ कम से कम 120 लोग चल रहे हैं। क्या इतना तामझाम उत्पादक कार्य है? हमारे लोकतंत्र में यात्रा तो जनता की ताकत से जनता की ताकत तक थी, लेकिन यात्रा को जनता की ताकत से सत्ता की ताकत तक कौन लोग ले गए? लोगों का भरोसा ही था कि पंजाब में राजा-महाराजा को हराकर लोगों ने 117 में से 92 सीटें आम आदमी पार्टी को थमा दी थीं। आज किसी भी सत्तारूढ़ दल या नेता को भूलना नहीं चाहिए कि इस देश के अब तक के सबसे सम्मानित नेता गांधीजी की क्या जीवन शैली थी? दिखावा क्या कभी सादगी का स्थान ले सकता है?

> पंजाब के परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदान की गई यह सूचना अफसोस का भाव जगाती है। अगर यह जानकारी गलत है, तो पंजाब सरकार को सुधार करना चाहिए और अगर यह जानकारी सही है, तो भी पंजाब सरकार को विचार करते हुए परंपरा और लोकतांत्रिक धारणा के अनुरूप सुधार करना चाहिए। आम आदमी पार्टी से लोगों को बहुत उम्मीदें रही हैं और इन उम्मीदों को अपने बात-विचार से स्वयं आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ही आम लोगों में जगाया है।

सत्य को जिताना पड़ता है

धर्म-अधर्म के द्वंद्व में आसुरी शक्तियों का हमेशा ही वर्चस्व रहा। नेकी और धर्म-मार्ग के अनुयायियों को उनकी यातनाओं को भोगना पड़ा, उनके द्वारा खड़ी की गई बाधाओं से जूझना पड़ा। अंतत: विजय धर्म (सत्य) की ही हुई, मगर सत्य को उपहास, उलाहना, प्रताड़ना और लांछन झेलने पड़े। असत्य की प्रवृत्ति आसुरी होती है, सम्मोहन, आडंबर, फरेब और चमक-दमक इसके आधार हैं। सत्य की विडंबना यह है कि यह नयनाभिराम नहीं होता, इसकी सत्ता लोग आसानी से स्वीकार नहीं करते। इसीलिए विधान है कि सत्य को जिताया जाए, चूंकि यह स्वयं नहीं जीतता, इसीलिए हमारे राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न के लिए सत्यमेव जयते को अपनाया गया, सत्यमेव जयति नहीं। सत्य स्वयं जीतता, तो सत्यमेव जयति लिखा जाता। याद रखिए, शौर्य, पराक्रम व संगठनात्मक कौशल में असुर देवताओं से कमतर न थे। उनके कुकृत्यों से मर्त्यलोक में हाहाकार मचा, तो मां दुर्गा अवतरित हुईं। लेकिन दैत्यों का संहार करना देवी के लिए संभव न था। देवी-देवताओं ने अपने-अपने दिव्य और अचूक अस्त्र प्रदान किए, तब जाकर देवी दुर्गा असुरों का विनाश और धर्म की स्थापना में सफल हुईं। धर्म और सत्य की राह निर्विघ्न नहीं होती। इसके राही को पूर्ण निष्ठा और अथाह श्रम से कार्य करना होता है। जाहिर है, इसकी परिणति अत्यंत सुखद होती है, लेकिन सत्य के साधक को कदाचित संशय होता है, प्रभु परम शक्तिशाली हैं, तो आसुरी शक्तियों का नाश स्वयं क्यों नहीं कर देते? यहां यह स्मरण रहे, सदाचारी और कदाचारी, दोनों प्रभु की संतति हैं। पूर्व कर्मों के अनुसार एक सत्य, तो दूसरा असत्य की ओर प्रवृत्त हुआ।

> साफ है कि आलाकमान आला दर्जे का तभी होता है, जब केंद्र में उसकी सत्ता होती है। जब तक वह चुनाव जितवाता है, जब तक वह वोट दिलाने की क्षमता रखता है, जब तक वह चुनाव का खर्च उठाने का बीड़ा उठाता है, तब तक ही ठसक होती है। अगर हाईकमान चुनाव नहीं जितवा सकता, तो फिर उसकी उपयोगिता भी कम हो जाती है। दुधारू गाय की लात भली, तो क्या हाईकमान का सबसे बड़ा सबक यही है।

हरेक दल में आलाकमान की हनक

विजय विद्रोही, वरिष्ठ पत्रकार

आलाकमान के खिलाफ बगावत, आलाकमान की चेतावनी, आलाकमान नाराज...। कुल मिलाकर आलाकमान शब्द पिछले कई दिनों से सुर्खियों में है। आलाकमान शब्द अंग्रेजी के हाई कमांड का पत्रकारिता की भाषा में किया गया अनुवाद है। हाई कमांड का मतलब सेना के सर्वोच्च अधिकारी से है, मतलब जो थल, वायु और नौसेना का कमांडिग अफसर हो। आला मतलब सबसे अच्छा और कमान यानी धनुष, तो क्या कहा जा सकता है कि आलाकमान वह होता है, जो सबसे अच्छा धनुर्धर हो और जिसके तरकश में ऐसे-ऐसे तीर हों कि दुश्मनों के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर दोस्तों के भी दिल छलनी किए जा सकें या अपना मतलब साधा जा सके या अपने कहे अनुसार चलने-करने को मजबूर किया जा सके? मतलब, आलाकमान ऐसा कोई शख्स या संगठन या व्यक्तियों का समूह होता है, जिससे उसके प्रभाव क्षेत्र में आने वाले डरते हैं, जो ठसक के साथ फैसले करता है, जिसका रौब, इकबाल, खौफ होता है, जिसकी हनक होती है। अब ऐसे शख्स या संगठन से जब सब डरते हैं, तो फिर राजस्थान के विधायकों में इतनी हिम्मत कहां से आ गई कि वे सीधे-सीधे आलाकमान से भिड़ गए वैसे हनक आलाकमान की भी बची रहे और राज्य के क्षत्रपों का सम्मान भी बना रहे, लगता है, इसका बेहतरीन उदाहरण सोनिया गांधी और अशोक गहलोत ने पेश करने की कोशिश की है। माफी मांगकर और शर्मिंदगी व्यक्त करके अशोक गहलोत ने आलाकमान की नाराजगी भी शायद दूर कर दी है और अपना मुख्यमंत्री पद भी फिलहाल सुरक्षित कर लिया है। इससे यह भी साफ हो गया है कि अगर आलाकमान के पास केंद्रीय सत्ता नहीं है, तो राज्यों पर बहुत ज्यादा दबाव डालने के बजाय बीच का रास्ता निकालना ही सही राजनीति है। अब आलाकमान के तरफदार दावा कर सकते हैं कि गहलोत को झुका दिया गया, तो वहीं दूसरी ओर, गहलोत खेमा भी यह कह सकता है कि मकसद हासिल हो गया। मकसद शायद यही था कि गहलोत मुख्यमंत्री बने रहें और सचिन पायलट थोड़ा इंतजार कर लें। अब आलाकमान के लिए जरूरी हो जाता है कि पायलट के लिए दिल्ली में कोई जगह तलाशे। इससे राजस्थान में कांग्रेस की कलह को वह पूरी तरह रोक सकेगा।

सियासत की नजर से देखा जाए, तो पहले सिर्फ कांग्रेस के लिए 'हाईकमान कल्चर' का इस्तेमाल होता था। अब सभी दलों का अपना-अपना हाईकमान है। कांग्रेस का हाईकमान अगर नेहरू-गांधी परिवार है, तो भाजपा का संघ परिवार। हालांकि, अब भाजपा में हाईकमान नरेंद्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी ही मानी जाती है। तृणमूल कांग्रेस की हाईकमान ममता बनर्जी हैं, तो बसपा की मायावती, बीजद के नवीन पटनायक। दक्षिण में तो द्रमुक से लेकर टीआरएस व वाईएसआर कांग्रेस तक, हर दल में एक मजबूत हाईकमान है। यहां तक कि एक वामपंथी पार्टी के आलाकमान मतलब पोलित ब्यूरो ने ज्योति बसु के प्रधानमंत्री बनने की संभावनाओं पर पानी फेर दिया था।

बहरहाल, इन दिनों सबसे बड़ी मुसीबत से कांग्रेस हाईकमान गुजर रहा है। कहा जा रहा है, राजस्थान की घटना से एक बार फिर सिद्ध हो गया है कि कांग्रेस हाईकमान कमजोर पड़ गया है, लेकिन ध्यान रहे, इसी हाईकमान के कहने पर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने गद्दी छोड़ी थी। इसी हाईकमान के कारण छत्तीसगढ़ में टी एस सिंहदेव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफइक्का-दुक्का बयानों के अलावा कुछ नहीं बोल पाते हैं। कर्नाटक में शिव कुमार और सिद्धारमैया एक-दूसरे की परदे के पीछे आलोचना तो करते हैं, लेकिन आलाकमान का डर उन्हें तलवार म्यान से निकालने नहीं देता। गुलाम नबी आजाद भी आलाकमान का कुछ बिगाड़ नहीं पाए और मजबूरी में मैदान ही छोड़ गए। सवाल उठता है कि ऐसे में, राजस्थान के 90 विधायकों में इतनी हिम्मत कहां से आ गई? आलाकमान को आला संकट में क्यों डाल दिया?

साफ है कि आलाकमान आला दर्जे का तभी होता है, जब केंद्र में उसकी सत्ता होती है। जब तक वह चुनाव जितवाता है, जब तक वह वोट दिलाने की क्षमता रखता है, जब तक वह चुनाव का खर्च उठाने का बीड़ा उठाता है, तब तक ही ठसक होती है। अगर हाईकमान चुनाव नहीं जितवा सकता, तो फिर उसकी उपयोगिता भी कम हो जाती है। दुधारू गाय की लात भली, तो क्या हाईकमान का सबसे बड़ा सबक यही है। अगर आपके पास केंद्रीय सत्ता नहीं है, तो आपको राज्यों की सत्ता पर निर्भर रहना पड़ेगा और सियासी लात-घूंसे चलाने बंद कर देने चाहिए।

अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हिमाचल प्रदेश और अशोक गहलोत को गुजरात चुनावों का मुख्य पर्यवेक्षक किस वजह से बताया गया, इसे बताने की जरूरत नहीं है। भारतीय राजनीति में अक्सर यह आग्रह किया जाता है कि स्थानीय क्षत्रपों को भले ही आप सिर पर मत चढ़ाइए, लेकिन उन्हें अपनी अंगुलियों पर भी मत नचाइए। जो आला नेता अपने दल में आंतरिक लोकतंत्र की उम्मीद करते हैं, उन्हें पार्टी विधायकों से एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित करने की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। अपने नेताओं को बार-बार दिल्ली या अपने राज्य की राजधानी बुलाने में समय क्यों बर्बाद किया जाए? यह बीमारी सभी दलों में है। होना तो यह चाहिए कि विधायक अपने नेता का चुनाव करें और आलाकमान इसकी घोषणा करे। आर के लक्ष्मण का एक कार्टून याद आता है- एयरपोर्ट पर विधायक पंक्ति में खड़े हैं, इंदिरा गांधी आगे से गुजर रही हैं, एक विधायक के सामने रुकती हैं, कहती हैं कि आप नए मुख्यमंत्री होंगे, आपका नाम क्या है? तमाम मौजूदा आलाकमानों को समझ जाना चाहिए कि तब से लेकर अब तक बहुत पानी बह चुका है। कोई मुख्यमंत्री या नेता छोटे-छोटे फैसलों के लिए बार-बार आलाकमान के पास क्यों जाए? बड़े झगड़े होने पर ही आलाकमान का निर्णय अंतिम होना चाहिए।

हकीकत यह है कि कुछ नेता अपनी पूरी जिंदगी आलाकमान की जी-हुजूरी में काट देते हैं- बना है साहब का मुसाहिब फिरे है इतराता, वरना इस शहर में गालिब की आबरू क्या है, जबकि नेताओं की अपनी जमीन होगी, तो बड़े शान से वे कह सकेंगे, दाग इतराए फिरते हैं आज, शायद उनकी आबरू होने लगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

जिन चुनौतियों से नए सीडीएस को निपटना होगा

राज शुक्ला, लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड)

लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ(सीडीएस) बनाए गए हैं। वह पूर्व में मेरे सहयोगी तो रह ही चुके हैं, एक प्रतिबद्ध सैनिक भी हैं, जिनका व्यक्तित्व मजबूत है और जो काम करने में यकीन रखते हैं। सीडीएस पद का गठन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण घटना थी। यह सन 1987 के गोल्डवाटर निकोल्स अधिनियम द्वारा बनाए गए ढांचे (इससे अमेरिकी सेना का पुनर्गठन किया गया था) से कहीं अधिक मजबूत है। यह संकेत था कि हमारी सरकार रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों को लेकर बेहद संजीदा है। रक्षा को विदेश नीति की छाया से बाहर करते हुए सीडीएस को बदलाव का वाहक माना गया। इस बदलाव की इमारत जनरल बिपिन रावत तैयार कर भी रहे थे, पर उनके असमय निधन के बाद यह काम रुक गया। हालांकि, इसके साथ-साथ नए सीडीएस को कुछ अलग करने की भी जरूरत होगी। सबसे पहले तो उन्हें संस्थागत कामकाज को व्यापक बनाना होगा, क्योंकि आधुनिक रणनीतिक व सैन्य तस्वीर इतनी जटिल, परिष्कृत और परिवर्तनशील है कि ढीला-ढाला रुख या बदतर यथास्थिति महत्वहीन साबित होगी। हमें अपनी रणनीति को नतीजों के सापेक्ष विस्तार देना होगा। हमें बड़ा सोचना होगा, कल्पना के घोड़े दौड़ाने होंगे और सटीकता से उन पर अमल करना होगा। मसलन, स्वीचब्लेड, लाइटर, इलेक्ट्रॉनिक औजार जैसी छोटी व उभरती हुई प्रौद्योगिकियां मैदान-ए-जंग में पारंपरिक युद्ध-कौशल (टैंक और बंदूक) को चुनौती दे रही हैं। लंबी दूरी तक सटीक निशाना बना सकने वाले हथियार संघर्ष के नतीजे तय कर रहे हैं। ड्रोन उपकरण न केवल सेनाओं को, बल्कि राष्ट्रों की सामरिक क्षमताओं को भी मजबूती दे रहे हैं। इसी तरह, अंतरिक्ष, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं को अधिकाधिक हासिल करने के लिए तमाम देश शिद्दत से प्रयास कर रहे हैं। हमें इस बात की पड़ताल भी करनी होगी कि हाल के संघर्षों में, मानव रहित तकनीक ने प्रभावशीलता व उपयोगिता में पारंपरिक वायु-शक्ति को क्यों पीछे छोड़ दिया? जाहिर है, संयुक्त बल निर्माण की दिशा में हमारे बढ़ते कदम जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचने चाहिए। इसके लिए नए बजटीय ढांचे की भी जरूरत होगी, जिसमें महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों को अहमियत देनी पड़ेगी। दूसरा, इंटीग्रेटेड थियेटर कमांड एक अहम संरचनात्मक सुधार है और इसे तार्किक अंजाम पर ले जाना चाहिए, मगर समानांतर उपायों को भी समान ताकत के साथ हमें आगे बढ़ाना होगा। संयुक्त बलों में अब डिजिटल एकीकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-संचालित ढांचा, क्लाउड जैसे क्षेत्र भी शामिल हो गए हैं। सैन्य स्वायत्तता कार्रवाई के लिहाज से बेहतर नतीजा दे सकती है।

तीसरा, संरचनात्मक सुधार परिवर्तन का महज एक हिस्सा है। सांस्कृतिक बदलाव और इसके साथ मानव संसाधन (एचआर) सुधार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। नई प्रतिभाओं की आमद, अभिनव करियर राह, रक्षा या सैन्य संगठनों के साथ नागरिक-सैन्य गठजोड़ का विस्तार आदि भी विचारणीय है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आखिर रक्षा बजट में असमानता के बावजूद चीन पेंटागन के लिए चिंता पैदा कर रहा है, लेकिन हम बीजिंग के लिए चुनौती नहीं बन पा रहे। जनरल चौहान को समुद्र से मिलने वाली चुनौती की पहेली भी सुलझानी होगी। अगर हमें चीन की रणनीति का तोड़ निकालना है, तो वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपनी सैन्य उपस्थिति मजबूत करनी पड़ेगी। यह एक ऐसा मौका है, जब सैन्य व असैन्य नौकरशाहों को एक अलहदा व्यवस्था बनाने के लिए दूरदर्शिता दिखानी होगी और व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में संकीर्ण विचारों से ऊपर उठना होगा। हम बहुत लंबे समय से राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी का रोना रोते रहे हैं। मगर आज जहां राजनीतिक नेतृत्व इस सदिच्छा को जाहिर करता दिख रहा है, वहीं शीर्ष नौकरशाही इसमें पिछड़ती हुई नजर आ रही है। क्या यह बात सही नहीं है? और अगर सही है, तो क्या यह उचित है? जाहिर है, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला चौराहे पर है, जहां हमें बदलाव और यथास्थिति के बीच किसी एक को चुनना है। हमें वही राह पकड़नी होगी, जो भारत के उत्थान को सक्षम और टिकाऊ बनाए रख सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

स्त्रीवादी विचार से विरोधाभास और पुरुषों के वोट बैंक में सेंध के मायने

इटली की नेता जियोर्जिया मेलोनी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में वह सत्ता में आई हैं। उनकी पार्टी का नाम है-ब्रदर्स ऑफ इटली। वह इकत्तीस साल की उम्र में इटली की सबसे युवा मंत्री भी थीं। वह लोगों पर टैक्स कम और लोगों की भलाई पर अधिक पैसा खर्च करना चाहती हैं। उनका नारा है-मैं जियोर्जिया हूं। मैं एक स्त्री हूं। मां हूं। मैं इटली की हूं। ईसाई हूं। यदि उनके नारे को ध्यान से पढ़ें, तो जोर इस पर है कि वह स्त्री हैं और मां भी। यानी कि स्त्री का मां होना महत्वपूर्ण बात है।

उन्होंने यह भी कहा था कि अगर बच्चे नहीं, तो इटली भी नहीं। यदि इस बात को स्त्रीवादी दृष्टिकोण से देखें, तो यह विचार स्त्री विरोधी लगेगा। स्त्रीत्ववादी विचार, स्त्री के करिअर पर ज्यादा जोर देता है, न कि मां होने पर, क्योंकि विवाह, संतान आदि को करिअर में भारी रुकावट माना जाता है। इसके अलावा उनका यह कहना कि वह इटली की हैं, यानी कि उनके लिए देश सर्वोपरि है। जीतने के बाद, उन्होंने कहा भी कि वह हर तरह से अपने देश और यहां के निवासियों की भलाई करेंगी। इटली को एक रखेंगी।

मतलब कि वह एक राष्ट्रवादी नेता हैं। यही नहीं, उन्हें अपने ईसाई होने पर गर्व है। अब तक बहुत से नेता अपने-अपने धर्म को बताने में शरमाते रहे हैं। प्रगतिशील विचार धार्मिक होने के विचार को नकारता है, धर्म को भी। धर्म को बताने के बजाय वह उसे छिपाने में यकीन करता है। इसीलिए मेलोनी के कैथोलिक धर्म को वहां के स्त्रीवादी शक की नजर से देख रहे हैं। उनका कहना है कि शायद वह गर्भपात के अधिकार पर भी रोक लगा देंगी।

जब जियोर्जिया मेलोनी छात्रा थीं, तो इटैलियन सोशल मूवमेंट से जुड़ी थीं। इस संगठन को मुसोलिनी ने खड़ा किया था। अतीत में इसकी काफी तारीफ भी कर चुकी हैं। इसीलिए जब इटली में उनकी जीत को फासिज्म की जीत बताया जाने लगा, तो उन्होंने कहा कि वह फासिस्ट नहीं हैं। वह शरणार्थियों के अपने देश में आने की लगातार आलोचना भी करती रही हैं। पर हाल ही में उन्होंने कहा कि वह सिर्फ अवैध शरणार्थियों के विरुद्ध हैं।

जियोर्जिया मेलोनी हों, फ्रांस की ली पैन हों, स्वीडन या जर्मनी में राष्ट्रवादी विचार की लहर हो, यह देखना दिलचस्प है कि इन दिनों यूरोप, जिसे फर्स्ट वर्ल्ड कहते हैं, में उन विचारों को लोग पसंद कर रहे हैं, जहां एक धर्म के वर्चस्व, राष्ट्रवाद की वकालत और शरणार्थियों को बेरोजगारी, बढ़ते अपराध के लिए जिम्मेदार माना जाता है। ऐसे विचार वाले नेताओं की बातें भी लोग पसंद करते हैं, उन्हें जिता देते हैं। सिर्फ यूरोप ही क्यों, अमेरिका में भी गोरे लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि जल्दी ही वे अपने देश में अल्पसंख्यक हो जाएंगे।

वहां भी राष्ट्रवाद का जोर बढ़ रहा है। यह स्त्रीवादी विचार कि ग्लास सीलिंग तोड़कर स्त्रियों को सत्ता के शिखर पर बैठा दो, तो वे हर तरह की नफरत का खात्मा कर देंगी, युद्ध कभी नहीं होने देंगी, शांति की वकालत करेंगी, उन्हीं देशों में अस्वीकृत किए जा रहे हैं, जिन देशों में स्त्रीवादी विचार फला-फूला था। यूरोप की महिला नेताओं द्वारा मातृत्व को सर्वोपरि कहने की वकालत यह भी बता रही है कि वह अतिवादी विचार समाज में अपनी जगह खो रहा है, जो कोख को स्त्री का सबसे बड़ा शत्रु मानता है।

वे परिवार की वापसी चाहती हैं। अमेरिका में ट्रेडिशनल वाइफ मूवमेंट की आवाजें सुनी जा रही हैं। जिसमें न केवल विवाहित, बल्कि अविवाहित युवा महिलाएं कहती हैं कि मैं अगर अपने पति, अपने बच्चों, अपने घर की देखभाल करना चाहती हूं, तो किसी को मेरा मजाक उड़ाने का क्या हक है। यह मेरी पसंद है, जैसे कि किसी की पसंद अकेली रहना होती है। इन सारी बातों का एक कारण यह भी नजर आता है कि जो स्त्रीवाद, स्त्रियों के मानव अधिकारों के लिए शुरू हुआ था, उसका एक हिस्सा, इन दिनों पुरुष मात्र से नफरत में बदल गया है।

इस दौर में आप किसी से नफरत करके, अपने विचार को सहज, स्वीकृत नहीं बना सकते, क्योंकि जिससे नफरत करने की बात कर रहे हैं, वह भी अपने अधिकारों के लिए उठ खड़ा होता है। इसीलिए मेलोनी को पुरुषों ने भी खूब वोट दिया है। इसी संदर्भ में मेलोनी की इस जीत को देखा जाना चाहिए।

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग
ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरुम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM

तीन घंटे तक वोरा ने अफसरों को दिखाई शहर की जर्जर व गड्ढों से भरी सड़क

चीफ सेक्रेटरी से की चर्चा, तत्काल कराए समस्या का समाधान

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कई बार शहर की जर्जर सड़कों को लेकर नाराजगी जता चुके वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज पीडब्लूडी विभाग और नगर निगम के अफसरों को शहर की खस्ताहाल सड़कों का भ्रमण कराया। सड़कों पर गड्?ढे और ऊबड़खाबड़ 80 सड़कों की फेहरिस्त भी थमाई। वोरा ने साफ कहा कि गड्?ढे भरने का काम तत्काल शुरू किया जाए। वोरा ने चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन से भी फोन पर बातचीत करते हुए शहर की खस्ताहाल सड़कों की हालत की जानकारी दी। वोरा ने कहा कि जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने विभागीय अफसरों को निर्देश दें, ताकि आम जनता को राहत मिले।

वोरा ने आज पीडब्लूडी के ओएसडी चंद्रशेखर ओगरे और सब इंजीनियर गगन जैन के अलावा नगर निगम के एई गिरीश दीवान सहित अन्य इंजीनियर मौजूद रहे। वोरा ने सभी के साथ शहर की सड़कों का भ्रमण किया। खस्ताहाल सड़कों का डामरीकरण या मेंटेनेंस का कार्य न होने पर नाराजगी जताते हुए वोरा ने कहा कि इस तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। गणेशोत्सव के बाद नवरात्र का पर्व चल रहा है। नवरात्र-दशहरा-दीवाली के त्योहारी सीजन में लोग देवी दर्शन के साथ ही मार्केटिंग के लिए ऊबड़खाबड़ और गड्?ढे भरी सड़कों पर लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है। खस्ताहाल सड़कों पर आवाजाही के कारण लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। वोरा ने 64 करोड़ की लागत से जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य के तहत डामरीकरण कार्य शुरू न होने पर भी अफसरों को आड़े हाथों लिया। वोरा ने कहा कि एक हफ्ते के भीतर जीई रोड का डामरीकरण शुरू हो जाना चाहिए। इसमें लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वोरा ने 80 सड़कों की मरम्मत, बीटी रिनीवल, पैचवर्क जैसे कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश दिये हैं। चीफ सेक्रेटरी से बोले वोरा - शहर की सड़कें खस्ताहाल, रोड पर गड्?ढों के कारण लोगों का हाल बेहाल

वोरा ने चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन से फोन पर चर्चा करते हुए कहा कि कई सड़कों पर इतने गड्?ढे हैं कि वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी दूभर है। लोग परेशान हैं। वोरा ने चीफ सेक्रेटरी से कहा कि जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने अभियान चलाया जाए ताकि लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कतों से राहत मिल सके। वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि सीएम ने कलेक्टरों को जर्जर सड़कों की मरम्मत कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये हैं। सीएम के निर्देशों के अनुरूप दुर्ग शहर में तत्काल मरम्मत और डामरीकरण जैसे कार्य कराए जाएं। चीफसेक्रेटरी ने कहा है कि इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश देकर सड़कों की हालत दुरुस्त कराई जाएगी।

भिलाई शहर के सार्वजनिक स्थानों से निगम हटा रहा है अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्री

निगम प्रतिदिन कर रहा है इस पर कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में भिलाई निगम सतत कार्य कर रहा है और इसी कड़ी में अवैध पोस्टर एवं पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं, इस पर भिलाई निगम प्रतिदिन कार्रवाई कर रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्रियों को आज भी दिन भर हटाने का काम किया गया। मुख्यतः सुपेला चौक से लेकर गदा चौक तक के अवैध प्रचार सामग्री हटाए गए।

चेतावनी देने के बाद भी अवैध पोस्टर एवं होर्डिंग तथा प्रचार सामग्री लगाने वालों पर आज जुर्माना भी लगाया गया, कार्रवाई के दौरान 7 दुकानों से 5600 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने अवैध प्रचार सामग्री एवं बेतरतीब पोस्टर को शासकीय संपत्ति के स्थानों से हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में निगम का अमला सड़क किनारे से तथा विद्युत पोल में लगे अवैध प्रचार सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी के साथ ही डिवाइडर के ऊपर लगे हुए अवैध प्रचार सामग्रियों को भी हटाया गया, मुख्य सड़कों के किनारे से कई सारे प्रचार सामग्री हटाए गए। कई पोस्टर एवं प्रचार, सामग्री काफी दिनों से पोल पर लगे हुए थे, कई प्रचार सामग्री तो सड़क के लिए बाधक बन रहे थे, इन सभी पोस्टर, होर्डिंग को निकाला जा रहा है। शहर की सुंदरता को खराब करने वाले पोस्टर जो कि बिना अनुमति के सरकारी संपत्तियों में लगाए गए थे उन्हें हटाने सभी जोन में कार्रवाई हुई। मुख्य सड़कों के डिवाइडर के ऊपर लगे पोल में अवैध पोस्टर को निकालने ट्रैक्टर एवं जेसीबी की भी सहायता ली गई। जो पोस्टर आसानी से निकाले जा सकते थे उन्हें मानव संसाधन से निकाला गया तथा जिन्हें निकालने में कठिनाइयां हुई उनके लिए उचित वाहनों का उपयोग किया गया। शहर के प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति के सरकारी संपत्तियों में प्रचार सामग्री लगाने वालों को नोटिस भी जारी किया जा सकता है, वही जुर्माना भी वसूली हो सकती है। अवैध होर्डिंग, पोस्टर, प्रचार सामग्री के विरुद्ध निगम ने सख्त कार्रवाई का रवैया अपनाया है, आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

खास खबर

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना बना जरूरतमंदो के लिए वरदान

बालोद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लागू की गई राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकता वाले मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना आम जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। यह योजना वैसे तो समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है, किन्तु समाज के निम्न व मध्यम वर्ग के मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए बहुत ही कारगर योजना बन गया है। जो अपने कार्यों की व्यस्तता एवं पैसे के अभाव में बिमारियों के ईलाज के लिए समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पाते हैं। उन्हें उनके घर एवं गांव के आसपास ईलाज की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के द्वारा क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार हाट बाजार में आज लाभान्वित होने वाले ग्राम पतोरा की 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती हीराबाई ने इस योजना की मुक्तकंठ से सराहना की है। पिनकापार हाट बाजार में नि:शुल्क ईलाज की सुविधा से लाभान्वित होने वाली बुजुर्ग महिला ने इस योजना को अपने जैसे अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान बताया है। उन्होंने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से अपने बढ़ते उम्र के कारण शुगर एवं शारीरिक कमजोरी की समस्या से जुझ रहीं हैं। खराब आर्थिक स्थिति के कारण ईलाज हेतु उनके लिए दूर के किसी अस्पताल में जाकर ईलाज करा पाना बिल्कुल भी संभव नहीं था। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा शुरू की गई इस हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से डॉक्टर आज हमारे गॉव में आकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जॉच एवं दवाईयॉ भी दे रहे हैं। जो हम जैसे गरीब एवं गॉव वालों के लिए बहुत बड़ा सहारा है।

गोधन न्याय योजना से निकली राह ग्रामीण को मिला आय का जरिया

मुख्यमंत्री बघेल ने कुकदूर में आमजन से की भेंट-मुलाकात, लोगों ने रखी अपनी बात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात की कड़ी में कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। इस दौरान पहले वे इंदौरी पहुंचे फिर ग्राम कुकदूर में लोगों से भेंट-मुलाकात की। कुकदूर में मुख्यमंत्री के पहुंचने से पहले ही हजारों की संख्या में ग्रामीण अपने मुखिया से मिलने कार्यक्रम स्थल पहुंच चुके थे, जहां उनके चेहरों पर प्रदेश के मुखिया से मिलने और उनके सामने शासकीय योजनाओं को लेकर अपनी बात रखने की उत्सुकता देखने को मिली। जब मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पहुंचे तो जनता का उत्साह देखने को मिला।

इस दौरान वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर विशेष तौर पर मौजूद रहे। वहीं भेंट-मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बीते पौने चार साल के बीच लागू शासकीय योजनाओं ने उनकी जिंदगी की तस्वीर बदलने का काम किया है। ग्राम लालपुर के ग्रामीण सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत उन्होंने 470 क्विंटल गोबर बेचा, जिससे उन्हें 94 हजार रुपये मिले, इससे किश्त में ट्रैक्टर खरीदा। अब वे ट्रैक्टर से दूसरे खेतों की जुताई कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

भेंट-मुलाकात अभियान के लिए पंडरिया विधानसभा के कुकदूर पहुंचने पर मुख्यमंत्री सबसे पहले प्राचीन बूढ़ी माई मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर बूढ़ी माई से छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बूढ़ी माई मंदिर परिसर में नीम का पौधा भी लगाया। आगर नदी के तट पर स्थित बूढ़ी माई मंदिर का अपना ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व है। बताया जाता है कि सच्चे दिल से मन्नत मांगने वालों की मुराद माता अवश्य पूरा करती हैं। यहां मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ भजन मंडली के सदस्यों ने सेल्फी भी ली। इस अवसर पर वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर और विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर भी उपस्थित रहीं।

कुकदूर में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना करते हुए दीप प्रज्वलन कर की। इस दौरान शिव शंभू महिला स्वयं समूह की सदस्य बैगा जनजातीय समूह की महिलाओं और ग्राम कुकदूर के सरपंच ने मुख्यमंत्री को विशेष पगड़ी फेटा पहना कर स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश के मुखिया ने भेंट-मुलाकात के लिए पहुंचे क्षेत्रीय ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने आमजनता से शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ को लेकर जानकारी ली। वहीं इन योजनाओं से ग्रामीणों की जिंदगी में आए बदलाव के बारे में जानना चाहा।

कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

इस दौरान ग्राम लालपुर के ग्रामीण श्री सुरेंद्र कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगभग तीन साल पहले लागू गोधन न्याय योजना के अंतर्गत उन्होंने 470 क्विंटल गोबर बेचा, जिससे मिली राशि से श्री सुरेन्द्र कुमार ने किश्त में ट्रैक्टर खरीदा। अब वे ट्रैक्टर से दूसरे खेतों की जुताई कर अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। वहीं आदर्श गोठान से जुड़ीं नारी शक्ति स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य ने बताया कि वहां उन्होंने 466 क्विंटल गोबर बेचा, जिससे उन्होंने 2 लाख रुपये अर्जित किये। इस राशि को लघु उद्योग स्थापित करने में उपयोग किया गया। समूह की महिलाएं अगरबत्ती, पॉपकॉर्न बनाने का काम करती हैं। साथ ही उक्त महिला सदस्य ने अपना किराना दुकान भी खोला है।

यहां भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने पूछा कि वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कौन खेत में कर रहा है! इस पर किसान रमाकांत शुक्ला ने बताया कि उनके खेत में वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग किया गया है। पिछले साल 300 क्विंटल गन्ना उपज हुई थी, अब 500 क्विंटल होने की उम्मीद है। उनकी बात सुनकर मुख्यमंत्री ने सभी किसानों से वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने की सलाह दी। सुधार पर ग्राम पोलगी के हितग्राही ने बताया कि हाट बाजार क्लीनिक योजना के अंतगर्त उनके गांव में हर शनिवार मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचता है।

एसएसजी-ओवरऑल टॉप डिस्ट्रिक्ट ईस्ट जोन में दुर्ग को मिला द्वितीय स्थान

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिला दुर्ग को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2021 अंर्तगत एसएसजी-ओवरऑल टॉप डिस्ट्रिक्ट जोन वाइज ईस्ट जोन में द्वितीय रैंक प्राप्त हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला दुर्ग में किये गये उत्कृष्ठ कार्यों जैसे खुले में शौचमुक्त करने हेतु व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण, ठोस अपशिष्ट के उचित प्रबंधन हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड निर्माण एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सोख्ता गड्ढा का निर्माण सभी ग्राम पंचायतों में कराया गया एवं कुछ ग्राम पंचायतों में त्रि-स्तरीय जल शुद्धिकरण इकाई का भी निर्माण किया गया है। विशेष रूप से जिला दुर्ग में 02 एफ एसटीपी प्लांट निर्माण किया गया है, जिससे सेप्टिक टैंक से निकलने वाले हानिकारक अपशिष्ट जल का सुरक्षित निपटान किया जा रहा है। कुछ ग्राम पंचायतों में गोबर गैस संयंत्र की स्थापना की गई है। प्रचार-प्रसार हेतु सभी ग्राम पंचायतों में 05 प्रकार की आईईसी पेटिंग, ओडीएफ शीलालेख एवं स्वच्छ सर्वेक्षण पेंटिंग कराई गई। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर एवं ओडीएफ स्थायित्व हेतु स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समुह द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता संबंधी संदेश एवं नारा लेखन किया गया है। सामुदायिक शौचालयों पर भी स्वच्छता संबंधित संदेशात्मक पेंटिंग बनाई गयी है। उक्त समस्त कार्यों का केन्द्र स्तर के विभिन्न एजेंसियों एवं अधिकारियों द्वारा विभिन्न चरणों में सर्वेक्षण किया गया। निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गाम पंचायतों में समस्त कार्य पूर्ण पाये गये। जिसके आधार पर जिला दुर्ग को एसएसजी ओवरऑल टॉप डिस्ट्रिक्ट जोन वाइज ईस्ट जोन में द्वितीय रैंक प्राप्त हुआ है। 2 अक्टूबर, 2022 को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर विज्ञान भनव, नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में जिला दुर्ग को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु जिला दुर्ग से पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, कलेक्टर दुर्ग, श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र यादव, अध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग, अशोक कुमार साहू, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग, अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग दिल्ली रवाना हो रहे है। 1 अक्टूबर को कार्यक्रम की रिहर्सल एवं 2 अक्टूबर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें जिला दुर्ग को महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य को एसएसजी-टॉप परफॉर्मिंग स्टेट जोन वाइज ईस्ट जोन में प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है तथा वॉल पेंटिंग कंपटीशन आन ओडीएफ प्लस बायोडिग्रेडेबल वेस्ट मैनेजमेंट सेंट्रल जोन में तृतीय रैंक प्राप्त हुआ है। जिला बालोद को एसएसजी-ओवरऑल टॉप डिस्ट्रिक्ट जोन वाइज ईस्ट जोन में तृतीय रैंक प्राप्त हुआ है।

भिलाई निगम से पांच कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों ने सम्मान पूर्वक दी विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई से आज 6 अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। इसमें मुख्य अभियंता संजीव ब्योहार भी शामिल है। कुछ महीने पूर्व ही तबादला होकर यह भिलाई निगम में पदस्थ हुए थे और रिटायरमेंट के आखरी समय पर भिलाई निगम में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा पांच निगम के अन्य कर्मचारी जिसमें पंप सहायक एवं वार्ड प्यून तथा हेल्पर/क्लीनर जैसे वर्ग के कर्मचारी भी सेवा निवृत्त हो गए।

आज इन सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए निगम से इनको विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खबलू राम साहू पंप सहायक जोकि जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर में, दिलीप शर्मा पंप सहायक शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में, प्रदीप शर्मा पम्प सहायक सेक्टर 6 जोन क्रमांक 5 में, भरत लाल निषाद वार्ड प्यून शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में तथा तुलाराम साहू हेल्पर/क्लीनर भवन संधारण विभाग में पदस्थ थे।

यह सभी कर्मचारी आज भिलाई निगम से रिटायर हो गए हैं। सेवानिवृत्त के अवसर पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि इन सभी का कार्यकाल निगम के हित को देखते हुए अच्छा रहा है और बेहतरीन सेवाएं उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदान की है। ऐसे अधिकारी/कर्मचारियों का अनुभव रिटायर्ड होने के बाद भी सभी को मिलता रहेगा। अपर आयुक्त ने कहा कि एक न एक दिन प्रत्येक कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होना है। रिटायर्ड होने के बाद परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत करने का मौका भी मिलता है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया, इसके साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह यादगार के तौर पर दिया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधीक्षण अभियंता बीएल जोशी व बीके देवांगन, उपायुक्त रमाकांत साहू एवं नरेंद्र कुमार बंजारे, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सचिव जीवन वर्मा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक व उप अभियंता एवं कर्मचारी संघ से संजय शर्मा, विष्णु चंद्राकर, कृष्णा देशमुख आदि मौजूद रहे।

द मोबी वर्ल्ड

● हमारे याहं सेकंड हैंड मोबाईल की खरीद व बिक्री किया जाता है और नए मोबाईल का फायनेंस किया जाता है।
● मोबाईल का रिपेयरिंग और एसेसीरिज पुराने फोन एक्सचेंज करें और नए फोन में
10-20% छूटपाएं
शॉप नं-14, सरकारी स्कूल के बाजू में, नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई
मो.-7415686850,7777888471

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवसः बुजुर्गों को ज्यादा संवेदनशील व्यवहार की जरूरतः श्रीमती भेंड़िया

रायपुर। समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया ने एक अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सभी बुजुर्गों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बुजुर्गों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए कहा है कि बुजुर्ग परिवार के साथ ही समाज के सम्मानीय सदस्य होते हैं। बुजुर्गों के प्रति अधिक संवेदनशीलता से व्यवहार किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति जन सामान्य में चेतना विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन के लिए और स्नेह का वातावरण देना हर नागरिक का कर्तव्य है। जन-जन में बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील-सम्मानजनक व्यवहार और सुरक्षा के भाव से ही अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सार्थक होगा।

अनियमित विकास के नियमितीकरण के लिए 14 जुलाई 2022 से लिए जा रहे हैं आवेदन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ में अनियमित विकास के नियमितीकरण के लिए छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितीकरण (संशोधन) अधिनियम 2022, 14 जुलाई 2022 से लागू किया गया है। संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अधिनियम के तहत 14 जुलाई 2022 से 14 जुलाई 2023 तक अनियमित विकास के नियमितीकरण से संबंधित आवेदन नगरीय निकायों एवं जिले में स्थित नगर तथा ग्राम निवेश के कार्यालयों में लिये जा रहे हैं।

संचालक नगर तथा ग्राम निवेश ने यह स्पष्ट किया है कि इस अधिनियम के तहत 14 जुलाई, 2022 के पूर्व निर्मित, समस्त प्रकार के विकास के नियमितीकरण हेतु आवेदक, आवेदन कर सकते हैं। इस अधिनियम के तहत निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में किये गये अनियमित विकास का नियमितीकरण किया जा सकेगा। उपरोक्त अधिनियम के तहत समस्त प्रकार के विकास का नियमितीकरण किया जा सकेगा, यथा-आवासीय, शैक्षणिक, व्यवसायिक, गैर व्यवसायिक, औद्योगिक इत्यादि। नियमितीकरण की कार्यवाही के दौरान मास्टर-प्लान में चिन्हित भूमि उपयोग से भिन्न, भूमि के ऊपर हुए विकास का भी नियमितीकरण किया जा सकेगा। जनहित को ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार के भवनों में पार्किंग की कमी का नियमितीकरण किया जा सकेगा।

छत्तीसगढ़ में अब तक 1243.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1243.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 30 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2375.2 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 581.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 968.3 मिमी, बलरामपुर में 977.4 मिमी, जशपुर में 1006.3 मिमी, कोरिया में 868.8 मिमी, रायपुर में 911.9 मिमी, बलौदाबाजार में 1156.1 मिमी, गरियाबंद में 1257.3 मिमी, महासमुंद में 1144.0 मिमी, धमतरी में 1299.8 मिमी, बिलासपुर में 1439.1 मिमी, मुंगेली में 1303.8 मिमी, रायगढ़ में 1172 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1356.5 मिमी, कोरबा में 1208.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1065.8 मिमी, दुर्ग में 960.1 मिमी, कबीरधाम में 1117.3 मिमी, राजनांदगांव में 1217.6 मिमी, बालोद में 1283.8 मिमी, बेमेतरा में 715.7 मिमी, बस्तर में 1815.2 मिमी, कोण्डागांव में 1272.2 मिमी, कांकेर में 1529.1 मिमी, नारायणपुर में 1446.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 1767.7 मिमी और सुकमा में 1588.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

स्वास्थ्य जागरूकता के लिए महिलाओं ने निकाली स्कूटर रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर राजधानी रायपुर के कलेक्ट्रेट गार्डन में पोषण और स्वास्थ्य विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं द्वारा स्वास्थ जागरूकता के लिए स्कूटर रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरुणा पलटा ने स्कूटर रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली 'हेल्दी फूड हां भाई हां - फास्ट फूड ना भाई ना', 'हर घर पोषण देश हो रोशन', 'सब्जी सलाद भरपूर खाओ' के नारों के साथ मरीन ड्राइव में समाप्त हुई।

कार्यक्रम की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम एवं हास्य योग से की गई। डिएटेशन श्वेता छाबड़ा ने फूड पिरामिड के माध्यम से बुजुर्गों के लिए उचित पौष्टिक संतुलित आहार की जानकारी दी। डाईटिशियन शिल्पी, डॉ. रचना सक्सेना ने बुजुर्गो को कम वसा, कम नमक और कम शक्कर लेने की सलाह दी। मरीन ड्राइव में खानपान के उचित तरीको पर चर्चा की गई। यह आयोजन इंडियन डायटेटिक्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ चौप्टर, नेटप्रोफेन, लाफ्टर क्लब, इग्नू स्टडी सेंटर और शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर लाफ्टर क्लब, इग्नू इंडियन डायटेटिक्स एक्सोसिएशन के सदस्यगण सहित जनसामान्य उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में एक नवम्बर से शुरू होगी धान खरीदीः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर सभी संभागायुक्त, जिला कलेक्टरों से एक नवम्बर 2022 से शुरू हो रहे धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टरों से धान खरीदी की सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने फसलों की गिरदावरी की शुद्धि पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने गिरदावरी का सत्यापन ग्राम सभा में करवाने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा कि किसी भी हालत में सरकारी जमीन का पंजीयन धान रकबे में नही हो यह सुनिश्चित किया जाए। पंजीकृत किसानों का लिकिंग बैंक खाता का परीक्षण करने एवं ऐसे किसान जिनका नामांतरण, बटवारा इस वर्ष हुआ है, उनके बैंक खातों का विशेष तौर पर परीक्षण कर बैंक खाता लिंक कर लिया जाए। मिलर्स द्वारा उपार्जित फोर्टिफाईड राईस एफसीआई में जमा करने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने अंतर जिला कस्टम मिलिंग के संबंध में जिस जिले में अधिक संख्या में मिलर्स है वहां पर शीघ्रता से धान मिलिंग के लिए धान का परिवहन करने कहा गया एवं इसकी पहले से कार्ययोजना तैयार करने कहा है।

मुख्य सचिव ने बैठक में सभी जिला कलेक्टरों को धान खरीदी केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाए मानव संसाधन, बिजली, पानी, कैप कव्हर, चबूतरा, टोकन, तौल मशीन, बारदाने आदि की शीघ्र व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। श्री जैन ने खाद्य विभाग के सचिव से कहा है कि धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व सभी जिलों के तैयारियों की समीक्षा के लिए संभाग स्तर पर बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे और सुनियोजित रूप से धान खरीदी की व्यवस्था बनाए।

मुख्य सचिव ने कहा है कि धान की बिक्री के लिए पंजीकृत किसानों की गिरदावरी में धान के रकबे सहित सभी बिन्दुओं पर सही जानकारी अंकित की जाए। उन्होंने पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले कृषकों की जानकारी विशेष रूप से अंकित करने के निर्देश दिए है। इसी तरह से धान उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन, बैंक खातों का मिलान, समिति स्तर पर आवश्यक तैयारी, परिवहनकर्ता से अनुबंध की स्थिति, कस्टम मिलिंग, संवेदनशील खरीदी केन्द्रों एवं स्टॉफ की पहचान, अंतर जिला कस्टम मिलिंग एवं धान संग्रहण के समन्वय के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

मुख्य सचिव ने समिति स्तर पर धान खरीदी कार्य में लगने वाले सभी कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी यथासमय करवाने के निर्देश दिए है। धान खरीदी प्रारंभ होने के पश्चात सप्ताह के अंत में खरीदी गए धान की मात्रा और बारदानों का भौतिक सत्यापन करने कहा गया है। जिला स्तर पर धान खरीदी से जुड़ी सभी जानकारियों के साथ कंट्रोल रूम की स्थापना करने के निर्देश दिए है और कहा है कि कंट्रोल रूम सतत् रूप से कार्यशील होने चाहिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में सभी संभागायुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, राजस्व सचिव एनएन एक्का, प्रबंध संचालक राज्य नागरिक आपूर्ति निगम निरंजन दास, विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता,, विशेष सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मनोज सोनी, प्रबंध संचालक मार्कफेड समीर विश्नोई सहित अपेक्स बैंक के अधिकारी शामिल हुए।

धान और तिलहन की समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

मार्कफेड की 21वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आमागी धान खरीदी सीजन के धान के साथ किसानों से तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी निर्धारित खरीदी केन्द्रों में की जाएगी। धान और तिलहन की खरीदी के संबंध में आज सहकारिता विभाग के सचिव एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं तथा विपणन संघ की प्राधिकारी अधिकारी हिमशिखर गुप्ता की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) की 21वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गुप्ता ने कहा कि आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से धान और तिलहन खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में संघ के प्राधिकृत अधिकारी गुप्ता द्वारा मार्कफेड के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 33,952.90 करोड़ रूपए की वार्षिक व्यवसाय कार्यक्रम तथा बजट अनुमान प्रस्तुत किया। जिसे सभा द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन कर दिया गया। बैठक नवा रायपुर स्थित संवाद भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। संघ के अपर प्रबंध संचालक द्वारा विपणन संघ के 21वीं वार्षिक आमसभा को सफल बनाने एवं खरीफ वर्ष 2021-22 में धान की खरीदी एवं निराकरण कार्य में सहयोग के लिए राज्य शासन व संबंधित विभागों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में प्रमुख रूप से मार्कफेड के प्रबंध संचालक समीर विश्नोई, पंजीयक सहकारी संस्थाएं के प्रतिनिधि एच.डी.नागदेव, अपर प्रबंध संचालक अजय अग्रवाल, सचिव विपणन संघ संदीप गुप्ता, वित्तीय नियंत्रक प्रशांत लाल, महाप्रबंधकगण शशांक पाण्डेय, दिलीप जायसवाल और एमएस केरकेट्टा विपणन संघ प्रबंधन की ओर से उपस्थित थे।

ब्लड-बैंकों में राज्य की जरूरत का 97 प्रतिशत रक्त का संग्रहण

प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों में कर सकते है स्वैच्छिक रक्तदान

रायपुर। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष यह डोनेटिंग ब्लड इज एन एक्ट ऑफ सॉलिडरिटी. ज्वॉइन द इफर्ट एंड सेव लाइव्स की थीम पर मनाया जा रहा है। हर वर्ष इसका आयोजन स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। प्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक संचालित किया गया है।

ब्लड सेल कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. श्रीकांत राजिमवाले ने बताया कि रक्त की आपूर्ति के लिये मानव रक्त ही एकमात्र विकल्प है। इसे किसी भी प्रकार के कृत्रिम तरीकों से नहीं बनाया जा सकता है। रक्त इकाई की आवश्यकता की पूर्ति स्वैच्छिक रक्तदान के द्वारा ही संभव होता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए शासन द्वारा ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान शिविर सामुदायिक स्तर पर आयोजित कर रक्त संग्रहण किया जाता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के उच्चतर प्रबंधन एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवा के लिए राज्य के 27 जिलों में 33 शासकीय ब्लड-बैंक स्थापित किया गया है। प्रदेश में 33 शासकीय एवं 83 गैर-शासकीय, इस तरह कुल 116 ब्लड बैंक संचालित हैं।

डॉ. राजिमवाले ने बताया कि प्रदेश में प्रति वर्ष 2.55 लाख यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है जो कि राज्य की जनसंख्या का एक प्रतिशत है। वर्ष 2022 में अब तक राज्य के सभी शासकीय ब्लड-बैंको में 54 हजार 117 एवं निजी ब्लड-बैंकों में 49 हजार छह, इस तरह कुल एक लाख तीन हजार 123 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया है, जो कि राज्य की कुल जरुरत का 97 प्रतिशत है।

रक्तदान करने के लिए रक्तदाता की उम्र 18 से 65 साल के बीच होनी चाहिए जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो। शारीरिक रूप से सेहतमंद होना भी जरूरी है। खून में हीमोग्लोबिन का स्तर 12.5 जी/डीएल या इससे ऊपर होनी चाहिए। रक्तदान करने के 24 घंटे पहले शराब, धूम्रपान और तंबाकू का सेवन नहीं किया गया हो। रक्तदान करने वाले व्यक्ति को ब्लड-प्रेशर, कैंसर, एड्स जैसी बीमारी नहीं होनी चाहिए। एक सेहतमंद व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है।

जुनून जगाने से मिलती है जिंदगी में ऊंचाइयांः ललितप्रभ महाराज

रायपुर। ललितप्रभ महाराज ने कहा कि जिंदगी में सब कुछ हम पर निर्भर है, अगर हम मान लें तो हार है, पर ठान लें तो जीत है। मजबूत शरीर पर कमजोर मन वाला व्यक्ति पीछे रह जाएगा, पर कमजोर शरीर में भी मजबूत मन वाला व्यक्ति बाजी मार जाएगा।संत प्रवर शुक्रवार को कांकरिया परिवार द्वारा हरीभूमि प्रेस के पास सुमित पार्क में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु भाई बहनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने भीतर कुछ बनने का जुनून जगा लेता है, तो एक अपाहिज, विकलांग और कमजोर व्यक्ति भी सफलता का आसमान छू लेता है। जो व्यक्ति अपनी जिंदगी को एक चुनौती के रूप में लेता है, वह व्यक्ति अपने जीवन का परिणाम निकाल लेता है। उन्होंने कहा कि हमें सफल होने के लिए अपनी 100 प्रतिशत ताकत को लगाना होगा, कर्मयोग को जगाना होगा, कटिबद्ध होकर चलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बारहखड़ी में पहले क आता है, फिर ख। क हमें कहता पहले कर्म करो और ख कहता है फिर खाओ। संतश्री ने कहा कि हम दिमाग को सकारात्मक कार्यों में लगाए। खाली दिमाग शैतान का घर होता है, पर खुला दिमाग भगवान का घर बन जाता है। ईश्वर जब भी हमारे जीवन के विकास के लिए हमारे भीतर अवतार लेता है, तो वह आत्मविश्वास के रूप में हमारे भीतर प्रकट होता है। उन्होंने कहा जब कोई लोहे के व्यवसाय में देश का टाटा बन सकता है और जूतों के व्यवसाय में देश में बाटा बन सकता है, तो हम भी आत्मविश्वास के साथ अपने कदम आगे बढ़ाएं और जीवन में प्रगति के नये द्वार खोलें। अगर हम असम्भव में से अ हटा देते हैं तो जीवन का हर काम सम्भव हो जाएगा।

इस अवसर पर मुनि शांतिप्रिय सागर ने कहा कि कभी ये मत सोचिए कि आप कुछ नहीं हैं, कभी ये भी मत सोचिए कि आप ही सब कुछ हैं, पर हमेशा यह जरूर सोचिए कि आप कुछ तो हैं, जो बहुत कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चलने की कोशिश कीजिए, दिशाएं बहुत हैं, रास्ते पर बिखरे कांटों की परवाह मत कीजिए क्योंकि आपके साथ दुआएं भी बहुत हैं। जब भगवान हमारे साथ हैं तो क्यों सोचें कि कौन हमारे खिलाफ है। याद रखें- क्यों भरोसा करें गैरों पर, जब हमें चलना हैं अपने ही पैरों पर।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

मॉर्निंग वॉक के बाद इन व्यंजनों का करें सेवन

मॉर्निंग वॉक पर जाने से आप फिट और स्वस्थ रहते हैं, लेकिन दौड़ने के ठीक बाद शरीर को प्रोटीन और कार्ब्स के संतुलित मिश्रण के साथ फिर से भरना महत्वपूर्ण है। ये पोषक तत्व मांसपेशियों को नुकसान से बचाने और आपको ऊर्जावान बनाए रखने में काफी मदद कर सकते हैं। आइये हम आपको पांच ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन मॉर्निंग वॉक के बाद करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

फ्रूट योगर्ट

सामग्री:- आधा कप ब्लूबेरी, आधा कप रसभरी, आध कप ग्रीक योगर्ट और एक चम्मच शहद।

रेसिपी:- सबसे पहले एक कटोरे में ग्रीक योगर्ट और शहद को डालकर अच्छे से मिलाएं और फिर इसमें सारी बेरीज मिलाएं। अब एक कटोरी फ्रूट योगर्ट का सेवन करें और बाकि मिश्रण को अन्य लोगों को परोस दें। ध्यान रखें कि इस फ्रूट योगर्ट को बनाते समय फ्रोजन बेरीज का इस्तेमाल नहीं करना है। इसके लिए हमेशा ताजी बेरीज समेत शुद्ध शहद ही लें।

उबले अंडे, एवोकाडो और शकरकंद का मिश्रण

सामग्री:- एक शकरकंद, एक एवोकाडो, दो अंडे, नमक और मिर्च।

रेसिपी:- मध्यम आंच पर अंडे उबालें, फिर इन्हें छिलकर इन्हें बीच में से काटें। इसके बाद एवोकाडो और उबली शकरकंद को छीलकर काटें।

कितना सेवन करें:- मॉर्निंग वॉक के बाद रोजाना आधा शकरकंद, एक या दो अंडे और एक चौथाई एवोकाडो के मिश्रण पर नमक और मिर्च छिड़ककर इसका सेवन करें।

नट बटर और बेरीज वाला ओपन सैंडविच

सामग्री:- व्हीट ब्रेड, आधा कप बेरीज जैसे ब्लूबेरी और स्ट्रॉबेरी, अखरोट का मक्खन।

रेसिपी:- सबसे पहले एक ब्रेड की स्लाइस पर एक बड़ी चम्मच अखरोट का मक्खन फैलाकर लगाएं और फिर इसके ऊपर अपनी पसंदीदा बेरीज के टुकड़े रखें। बस फिर यह तैयार है।

कितना सेवन करें:- ब्रेड के ज्यादा से ज्यादा दो स्लाइस, दो बड़ी चम्मच अखरोट का मक्खन और एक छोटी मुट्ठी बेरीज का सेवन करें।

बादाम के मक्खन वाले बनाना पैनकेक

सामग्री:- आधा पका हुआ केला, एक अंडा, आधा कप गेहूं का आटा, एक छोटी चम्मच बेकिंग पाउडर, एक चौथाई कप दूध, एक चुटकी नमक और डेढ़ बड़ी चम्मच बादाम का मक्खन।

रेसिपी:- सबसे पहले एक कटोरे में सभी सामग्रियों को मिलाएं। इसके बाद एक फ्राइंग पैन को कुकिंग स्प्रे से चिकना करके इस पर मिश्रण की एक-दो करछी डालें, फिर इसे गोल्डन ब्राउन होने तक सेंके। इसी तरह पूरे मिश्रण से पैनकेक बनाकर इन पर मेपल सिरप डालें और खाएं।

स्प्राउट्स सलाद

सामग्री:- आधा कप मूंग स्प्राउट्स, आधा कप उबले चने, आधा खीरा (कटा हुआ), थोड़े पालक के पत्ते, आधे नींबू का रस, नमक (स्वादानुसार), आधी छोटी चम्मच जीरा पाउडर, एक चौथाई छोटी चम्मच काली मिर्च का पाउडर।

रेसिपी:- सबसे पहले अंकुरित साबुत मूंग को स्टीम करके एक कटोरे में डालें, फिर इसमें चने, खीरा, पालक, जीरा पाउडर, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। अंत में स्प्राउट्स सलाद में भुनी हुई मूंगफली डालकर इसे खाएं।

बाल नरेन का ट्रेलर रिलीज हुआ: चाय बेचने वाले बच्चे ने कोरोना से गांव को बचाया

बॉलीवुड की चर्चित फिल्म बाल नरेन का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। यह एक सोशल ड्रामा फिल्म हैं जो सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी। इस फिल्म में एक 14 साल के बच्चे की कहानी है जिसने कोरोना में अपने गांव को बचाया। फिल्म बाल नरेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित है, जिसमें यज्ञ भसीन, बिदिता बाग, रजनीश दुग्गल, गोविंद नामदेव और विंदू दारा सिंह सहित कई कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

ट्रेलर में कोरोना महामारी के समय की कहानी दिखाई गई है। इस महामारी की वजह से एक छोटा सा गांव काफी डर में हैं। वहीं गांव में साफ-सफाई के खास निर्देश दिए जाते हैं। अपने गांव को स्वच्छ बनाने के लिए बाल नरेन यानी बाल कलाकार यज्ञ भसीन पीएम मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संकल्प को पूरा करता है। इस दौरान बाल नरेन का काफी मुश्किलों और उतार-चढ़ाव से भी गुजरना पड़ता है। बता दें, फिल्म 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशक पवन नागपाल ने किया है, जबकि फिल्म बाल नरेन के निर्माता दीपक मुकुट हैं।

प्री-वेडिंग फंक्शन में पीली साड़ी में खूबसूरत दिखीं ऋचा, शेरवानी में अली फजल लगे नवाब

बॉलीवुड के चर्चित कपल ऋचा चड्ढा और अली फजल लंबे समय तक एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में रहने के बाद अब शादी के रिश्ते में बंधने में जा रहे हैं और दोनों की शादी संबंधित रस्में भी शुरू हो गई हैं। ऋचा और अली फजल दोनों ने अपनी शादी को लेकर बेहद खास तैयारियां की हैं। उनका वेडिंग कार्ड भी बहुत अनोखा था। कपल करीबी और परिवार के लोगों के बीच शादी के बंधन में बंधेगा। फिलहाल दोनों के प्री-वेडिंग कॉकटेल की तस्वीरें और वीडियो सामने आ गए हैं।

हाथों में हाथ थामें दिखा कपल

प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए अली फजल और ऋचा चड्ढा हाथों में हाथ थामे वेन्यू पर पहुंचे। दोनों ने इस दौरान पैपराजी को जमकर पोज भी दिए। बता दें कि ऋचा और अली की शादी की खबरें पिछले दो साल से चर्चा में हैं लेकिन कोरोना की वजह से ऐसा हो नहीं पाया। अब आखिरकार वो दिन आ ही गया जब दोनों विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं।

खुशी से लगे खबूसूरती में चार चांद

सामने आई तस्वीरों में ऋचा चड्ढा पीले रंग की साड़ी में नजर आईं, जिसपर मिरर का वर्क किया गया था। बालों का सिंपल जूड़ा बनाने के साथ ही लाइट ब्लश मेकअप, कानों में झुमके और गले में नेकलेस के साथ ऋचा बेहद खूबसूरत लगीं। खुशी उनके चेहरे की चमक को दोगुना कर रही है। वहीं अली फजल सफेद कुर्ता व मल्टी कलर की शेरवानी में नजर आए। अभिनेता का लुक किसी नवाब से कम नहीं लग रहा है।

इको फ्रेंडली होगी शादी

ऋचा चड्ढा और अली फजल की शादी चार अक्टूबर 2022 को शादी में बंधन में बंधेंगे। कपल इसके बाद दिल्ली और मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन भी रखेगा। जिसमें कई हस्तियां शामिल होंगी। सबसे खास बात है कि दोनों ने अपनी शादी ने अपनी शादी को पूरी तरह से इको फ्रेंडली बनाने की पूरी कोशिश की है।

सिर्फ विज्ञापन देखकर न खरीदें शैंपू, इन बातों का रखें खास ध्यान

कई लोग केवल विज्ञापन देखकर शैंपू खरीद लेते हैं, लेकिन ऐसा करना सही नहीं है। आजकल बाजार में कई तरह के शैंपू उपलब्ध हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि हर तरह का शैंपू आपके इस्तेमाल के लिए सही हो। इसलिए जब भी शैंपू खरीदने जाएं तो कुछ बातों का खास ध्यान रखें ताकि उसके इस्तेमाल से आपके बालों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे। आइये जानते हैं कि शैंपू खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

बालों के प्रकार पर ध्यान देना है जरूरी

हर किसी के बाल अलग-अलग प्रकार और बनावट के होते हैं और हर शैंपू आपके बालों के प्रकार के लिए उपयुक्त नहीं होता है। हमेशा अपने बालों के प्रकार के अनुसार ही शैंपू चुनें। रूखे बालों वाले लोग मॉइश्चराइजिंग शैंपू का इस्तेमाल करें, जबकि तैलीय प्रकार के बालों वाले लोग सल्फेट और सैलिसिलिक एसिड युक्त शैंपू खरीदें। हल्के बालों के लिए नॉन-क्रीमी शैंपू, घुंघराले बालों के लिए हाई प्रोटीन शैंपू और कलर वाले बालों के लिए कलर-सेफ शैंपू चुनें।

अपनी जरूरत को समझें

आजकल बाजार में बालों से जुड़ी हर एक समस्या के हिसाब से शैंपू उपलब्ध हैं और यह सिर्फ आपके ऊपर निर्भर करता है कि समस्याओं का निवारण करते हुए कौनसा शैंपू आपके बालों को स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रख सकता है। जैसे- डैंड्रफ से राहत दिलाने वाले एंटी-डैंड्रफ शैंपू और अगर आपके बाल ज्यादा टूटते हैं तो इसके लिए एंटी-हेयरफॉल शैंपू लेना चाहिए। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपनी जरूरत से हिसाब से ही शैंपू खरीदें।

आपके शैंपू में नहीं होनी चाहिए ये सामग्रियां

शैंपू खरीदने से पहले उसमें शामिल सामग्रियों को चेक करना जरूरी है। कई शैंपू बहुत ही हानिकारक रसायन से बने होते हैं और उनके इस्तेमाल से स्कैल्प पर जलन और खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हमेशा ऐसे शैंपू खरीदने चाहिए, जिसमें अल्कोहल, मिनरल ऑयल, सल्फेट, सोडियम क्लोराइड, फॉर्मलडिहाइड, प्रोपलीन ग्लाइकोल, आर्टिफिशियल रंग समेत आर्टिफिशियल सुगंध शामिल न हो। ये सामग्रियां स्कैल्प और बालों को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकती हैं।

अच्छी रिसर्च के बाद करें शैंपू का चुनाव

अगर आप किसी शैंपू की खरीदारी के लिए स्टोर पर जाने वाले हैं तो इससे पहले उस शैंपू के बारे में अच्छी तरह ऑनलाइन रिसर्च कर लें और उससे जुड़े कुछ रिव्यू पढ़ लें। इससे आपको दूसरों का अनुभव का पता चल जाएगा और आप शैंपू खरीदने के दौरान सही फैसला ले पाएंगे। इसके अलावा, बेहतर होगा कि आप ऑनलाइन शैंपू खरीदने से बचें।

एक्सपायरी डेट करें चेक

शैंपू या फिर कोई अन्य हेयर केयर प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट को चेक करना जरूरी है। शैंपू सिर के साथ-साथ चेहरे और आंखों के संपर्क में भी आ जाता है। ऐसे में यह बहुत जरूरी हो जाता है कि आप एक्सरपायरी डेट चेक किए बिना इसे न खरीदें। एक्सरपायर शैंपू को लगाने से कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। इस तरह जिस शैंपू की एक्सपायरी डेट 7-8 महीने बाद हो, केवल उसे ही खरीदें।

ज्यादा ब्रोकली खाने से हो सकती है सूजन, जी मिचलाने की भी समस्या

ब्रोकली का सेवन थायरॉयड ग्रंथि पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। ब्रोकली में थायोसाइनेट्स होता है और ब्रोकली को त्वचा पर लगाने से रैशेज हो सकते हैं।

ब्रोकोली के साइड इफेक्ट

शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए पौष्टिक आहार की आवश्यकता होती है। जब पौष्टिक भोजन की बात आती है तो फलों और सब्जियों का नाम सबसे पहले आता है। ऐसी अनगिनत सब्जियां हैं जो पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। ऐसी ही एक सब्जी है ब्रोकली जो फूलगोभी प्रजाति की है। ब्रोकली में प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, विटामिन ए, सी के साथ कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका ज्यादा सेवन नुकसानदायक भी हो सकता है या किसी खास स्थिति में फायदा करने के बजाय नुकसान भी कर सकता है, अगर नहीं तो आइए जानते हैं ब्रोकली कब हानिकारक हो सकती है?

रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकली के सेवन से थायरॉइड ग्रंथि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि ब्रोकली एक गोइट्रोगिन प्रकृति का होता है। यानी इनमें ऐसे रसायन होते हैं जो थायराइड ग्रंथि को बढ़ा सकते हैं, यह थायराइड ग्रंथि पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

ब्रोकली में थायोसाइनेट्स होता है जो सेहत के लिए काफी खतरनाक माना जाता है। इनसे हाइपरथायरायडिज्म का खतरा बढ़ जाता है और इससे वजन बढ़ना, थकान, बालों का झड़ना, चेहरे पर सूजन जैसी समस्याएं पैदा होने लगती हैं। इतना ही नहीं ब्रोकली हरी पत्तेदार सब्जियों के समूह से संबंधित है। जो फाइबर से भरपूर होते हैं। इसके अधिक सेवन से गैस्ट्रिक, सूजन, पेट फूलना, जी मिचलाना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

ब्रोकली को त्वचा पर लगाने से रैशेज हो जाते हैं क्योंकि कुछ लोगों को ब्रोकली से एलर्जी हो सकती है।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि ब्रोकली खाने के कई फायदे होते हैं, लेकिन ब्रोकली खाने से आपको नुकसान भी हो सकता है।

प्रियंका ने लिया अमेरिकी उप-राष्ट्रपति का इंटरव्यू, कहा- पहली बार मर्दों के बाराबर मिली फीस

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अब एक और मुकाम हासिल किया है। अभिनेत्री ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस का दौरा किया और डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी विमेंस लीडरशिप फोरम में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से खास बातचीत की। इस साक्षात्कार के दौरान समान वेतन को लेकर अभिनेत्री का दर्द भी छल्का। उन्होंने बताया कि उनके 22 साल के करियर में यह पहली बार है जब उन्हें मर्दों के बराबार फीस मिल रही है। इस खास अवसर के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने पीले रंग की बैकलेस ड्रेस पहनी थी। उन्होंने वाशिंगटन डीसी, विशेष रूप से व्हाइट हाउस की कुछ तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर की गई तस्वीरों में वाशिंगटन स्मारक, व्हाइट हाउस और बेवरेज की झलक देखने को मिली। वहीं, प्रियंका का साथ देने उनके पति निक जोनस भी वहां मौजूद थे। उन्होंने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तस्वीर साझा की है, जिसमें वह बेटी मालती के साथ न्यूयॉर्क में समय बिताते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, डैडी बेटी एडवेंचर्स इन एनवाईसी। बता दें कि प्रियंका ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की भी सराहना की थी। दरअसल, हाल ही में अदालत ने अपने फैसले में वैवाहिक स्थिति की परवाह किए बिना गर्भपात को वैध करार दिया था। न्यायालय ने कहा था कि एक महिला को तीसरे पक्ष से परामर्श किए बिना गर्भपात कराने के लिए रिप्रोडक्टिव अटोनॉमी होना चाहिए। फैसले के आने के बाद प्रियंका ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर इस कदम को प्रगतिशील बताया था। उन्होंने लिखा था, चुनने का अधिकार। दुनिया भर में महिलाओं के लिए यह एकमात्र तरीका होना चाहिए।

क्रिमिनल जस्टिस में सस्पेंस हुआ खत्म सामने आया किलर का चेहरा

डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस: अधूरा सच' स्ट्रीम हो चुका है। अभी तक शो के छह एपिसोड दिखाए जा चुके हैं, जो कि फैंस के बीच जबरदस्त हिट हैं। आज इस सीरीज का सातवां एपिसोड प्रसारित हुआ है। शो में मिर्जापुर वेब सीरीज फेम पंकज त्रिपाठी तेज तर्राक वकील माधव मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं, जिनके पास मुकुल आहूजा का केस आया है। मुकुल पर उसकी सौतेली बहन जारा (देशना दुगड) के मर्डर का इल्जाम है। धीमी गति से आगे बढ़ रही इस शो की कहानी सस्पेंस के जरिये ऑडिशन का मनोरंजन कर रही है। दर्शक अब ये जानना चाह रहे हैं कि आगे क्या हुआ है। क्रिमिनल जस्टिस सीजन 3 का सातवां एपिसोड प्रसारित हो गया है। प्रॉसिक्यूटर ने नए सबूतों का खुलासा करते हुए जारा आहूजा के हत्यारे का पता लगाया है। सबूतों के हिसाब से उसका भाई मुकुल मुख्य संदिग्ध है। मुकुल एक किशोर सुधार गृह में बंद है, वह दूसरे कैदियों के साथ भागने की फिराक में था, वहीं पूछताछ और फटकार के बाद वह पूरी योजना का खुलासा करता है। दूसरी और माधव मिश्रा नीरज और निशि के खिलाफ खंडन पेश करने में विफल हो जाता है।

चिरंजीवी की गॉडफादर के ट्रेलर ने प्रशंसकों को किया रोमांचित

साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी की फिल्म गॉडफादर के निमार्ताओं ने अनंतपुर में फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। जिससे उनके चाहने वालों के बीच एक अलग तरह का उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म की कहानी क्या है।

फिल्म में, राज्य के मुख्यमंत्री पीकेआर का निधन हो जाता है जिसके बाद उनके उत्तराधिकार पर सवाल उठता है। उनकी बेटी (नयनतारा) को सत्ता में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन उनके दामाद (सत्य देव) और पार्टी में कुछ अन्य लोग सत्ता हथियाने में लगे हैं।

दिग्गज नेता का भरोसेमंद आदमी ब्रह्मा (चिरंजीवी) फिर मैदान में उतरता है और लालची लोगों को दूर रखने में कामयाब होता है। चिरंजीवी ने ब्रह्मा के साथ-साथ गॉडफादर के रूप में एक मजबूत प्रदर्शन दिया है।



स्क्रीन पर सलमान खान की मौजूदगी फिल्म की शान को बढ़ा देती है। उन्हें एक साथ देखना काफी शानदार है। नयनतारा और सत्य देव अपनी-अपनी भूमिकाओं में अच्छे हैं। नीरव शाह ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है, जबकि एसएस थमन ने अपने बैकग्राउंड स्कोर से दृश्यों को जीवंत कर दिया है।

चिरंजीवी का हर डायलॉग दमदार है। मेगास्टार चिरंजीवी और सुपरस्टार सलमान खान स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे, जो फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण है। डायरेक्टर मोहन राजा ने दोनों स्टार्स के बेस्ट वर्जन को सामने लाने की कोशिश की है। उन्होंने वास्तव में दो मेगास्टारों को उसी तरह प्रस्तुत किया जैसे प्रशंसक उन्हें देखना चाहते हैं। गॉडफादर 5 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आदि शक्तियों की चैतन्य झांकी का आयोजन

दुर्ग। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आदि शक्तियों की चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया है । झाँकी का शुभारंभ एसटीएफदुर्ग के पुलिस अधीक्षक विजय पांडे द्वारा किया गया साथ में रीटा बहन (संचालिका ब्रह्माकुमारीज दुर्ग) रुपाली बहन (वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका) उपस्थित थे । चैतन्य झांकी के विषय में विजय पांडे ने कहा नवरात्रि का पर्व शक्तियों की आराधना व पूजन का यादगार है संसार में बिना शक्ति के कोई भी कार्य नहीं हो सकता सबसे प्रमुख शक्ति जो सुप्रीम पावर है उन्हें कई नामों से जानते हैं पूरे विश्व में कई धर्मों को मानने वाले लोग हैं कोई उनको भगवान, कोई , कोई , कोई सत अकाल कहते है। कोई शिव कहते है सुप्रीम पावर तो एक ही है दो सुप्रीम पावर नहीं हो सकता वह जो सुप्रीम पावर है उनकी आराधना बहुत आवश्यक है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान में यह बताते हैं कि कैसे परमात्मा से जुड़े व उनकी आराधना करें उनकी आराधना करने से उनकी जो विभिन्न शक्तियां हैं वह हमें प्रदान करेंगे जिससे हम संसार में आनंद व शांति से रह अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी कर सकेंगे।

बुजुर्गों को ज्यादा संवेदनशील व्यवहार की जरूरत - भेंड़िया

रायपुर। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने एक अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सभी बुजुर्गों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बुजुर्गों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए कहा है कि बुजुर्ग परिवार के साथ ही समाज के सम्मानीय सदस्य होते हैं। बुजुर्गों के प्रति अधिक संवेदनशीलता से व्यवहार किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति जन सामान्य में चेतना विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन के लिए और स्नेह का वातावरण देना हर नागरिक का कर्तव्य है। जन-जन में बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील-सम्मानजनक व्यवहार और सुरक्षा के भाव से ही अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सार्थक होगा।

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर (पीआईबी) । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा डोंगरगढ़ नवरात्रि मेला क्षेत्र में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 8 साल विषयक भव्य त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर निबंध, प्रश्नमंच, पोषण थाली, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता व गीत-संगीत, नृत्य का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में डोंगरगढ़ के 9 शिक्षण संस्थानों के 487 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले 36 प्रतिभागियों को मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर रहे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुरू किए गए लोक कल्याणकारी अभियान प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, गरीब कल्याण योजना, कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम की सराहना की। मुख्य अतिथि ने जनमानस को संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी और लोगों से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर के प्रादेशिक कार्यालय प्रमुख शैलेष फाये ने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारंभ 28 सितंबर को राजनांदगांव जिले के सांसद संतोष पांडेय के हाथों हुआ था। इसके बाद तीन दिनों तक विविध प्रकार के आयोजनों से लोगों में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रसार किया गया और तीनों दिन स्थानीय लोगों के साथ साथ मेले में आने वाले दर्शनार्थियों ने भी प्रदर्शनी का लाभ लिया।

जागरूकता प्रसार के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में डोंगरगढ़ केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों का एकतरफा दबदबा रहा। प्रथम स्थान पर नेहरू पीजी कॉलेज के राकेश वर्मा को छोड़कर शेष अन्य पुरस्कार केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों की झोली में गए। केवी के विद्यार्थी मुस्कार ताम्रकार दूसरे, लेशिका लाउतरे तीसरे, अंजली समुंद्रे चौथे व वंशिका वर्मा पांचवें स्थान पर रहे। स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने निबंध व भाषण प्रतियोगिता में बाजी मारी। निबंध लेखन में चित्रलेखा यादव प्रथम, पीयूष यादव दूसरे, थानू यादव तीसरे, कुमारी सीरत चौथे व रमाकांत वर्मा पांचवे स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में बुशरा पहले, आशुतोष मरावी दूसरे, गोमती साहू तीसरे, टिकेश्वरी गजेंद्र चौथे व कोमिन वर्मा पांचवें स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

सुपोषण थाली के विजेता पुरस्कृत

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के ओर से सुपोषण जागरूकता स्टॉल लगाया था। इसमें पर्यवेक्षक कविता, सुभद्रा राने, रेखा नेताम, सुचित्रा साहू, इंदु कुर्रे व मृदुभाषिनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्टॉल में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही विविध योजनाओं की जानकारी दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण थाली प्रतियोगिता में उत्साह से सहभागिता की गई। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 8 साल पर केंद्रित त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के तहत तीनों दिन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर से पंजीकृत लोक कलाकारों द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

कैट ने माप तोल अधिकारीयों की डिजिटल तकनीक से युक्त करने का आग्रह किया

माप तोल कानून एवं नियमों के कुछ प्रावधानों को आपराधिक श्रेणी से बाहर किया जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि माप तोल क़ानून के अनेक प्रावधानों को क्रिमिनल अपराध की श्रेणी से बाहर करने के मुद्दे पर केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय ने कल नई दिल्ली में एक बुलाई गई मीटिंग में कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जोर देकर कहा की उक्त क़ानून की अनेक धाराओं में छोटी मोटी भूलों अथवा गलतियों के लिए भी सिविल धाराओं की बजाय क्रिमिनल धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज़ किया जाता है जो न्यायोचित नहीं है। कैट ने कहा की माप तोल विभाग के अधिकारीयों को भी चालान करने के मामलों में इलेक्ट्रॉनिक मशीन दी जाए जिसे ट्रैफिक पुलिस को दी गई हैं। कैट ने माप तोल क़ानून में आवश्यक संशोधन करने के केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा की वर्ष 2011 में बने इस क़ानून में न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत की अनदेखी की गई थी जिसे मोदी सरकार ने ठीक करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से देश के व्यापारी वर्ग को बड़ा लाभ होगा।

कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बताया की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इज ऑफ डूइंग बिज़नेस विज़न के तहत मंत्रालय माप तोल क़ानून एवं नियमों के कुछ प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखे जाने के बारे में सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। उन्होंने बताया की इस मामले में केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पियूष गोयल ने अधिकारीयों को इस दिशा में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं जिसके अनुसार विभाग में शीर्ष स्तर पर स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा कर ऐसे प्रावधानों को चिन्हित किया गया है और उनमें संशोधन करने की प्रक्रिया पर काम जारी है।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि कैट ने मीटिंग में कहा की कानून की धारा 25 , 28 से 37 तथा 41 से 47 में आपराधिक प्रावधान है। माप तोल क़ानून के अंतर्गत यदि पैक्ड वस्तु पर कोई विवरण लिखा न जाए अथवा कुछ छूट जाए या कोई तकनीकी गलती भी हो जाए तो उनमें भी वित्तीय दंड एवं सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा की आपराधिक मामले में धोखा देने की नीयत का होना जरूरी है जबकि माप तोल क़ानून में इस तथ्य को फ़िलहाल दरकिनार रखा गया है और माप तोल इंस्पेक्टर को उनके विवेक के आधार पर कार्रवाई करने की छूट दी गई है। इस पर अंकुश लगाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा की जो आदतन अपराधी हैं उनके खिलाफ कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए लेकिन मानवीय भूल या तकनीकी त्रुटि को आपराधिक मामले की श्रेणी से बाहर किया जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा की व्यापारी जो पैक्ड वस्तु बेचते हैं वो उन्हें उसी प्रकार से निर्माता से प्राप्त होती हैं, लिहाजा पैक्ड वस्तुओं पर व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई न करके निर्माता के विरुद्ध करवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की वित्तीय दंड के मामलों में व्यापारी अथवा बड़ी कंपनियों को एक समान रखा गया है। जो वित्तीय दंड छोटे व्यापारियों के लिए बड़ा हो सकता है वहीं बड़ी कंपनियों के लिए मामूली होता है, लिहाजा वित्तीय दंड का वर्गीकरण किया जाना बेहद जरूरी है।

बीएसपी ने चलाया कोविड टीकाकरण के बुस्टर डोज का विशेष अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अमृत महोत्सव के तहत (15 जुलाई 2022 से 30 सितंबर 2022 तक) भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सभी पात्र लाभार्थियों को कोविड टीकाकरण के दौरान एहतियाती या बूस्टर खुराक का टीका लगाए जाने हेतु दिषा-निर्देष प्राप्त हुआ। इस संबंध में, इस्पात मंत्रालय और बीएसपी के शीर्ष प्रबंधन के निर्देशों का पालन करते हुए, विषेष टीकाकरण अभियान के तहत विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए।

उल्लेखनीय है कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 के माध्यम से भिलाई के नगरवासियों हेतु कोविड से बचाव के लिये निरन्तर प्रयास किया है।

बीएसपी अस्पताल और उनके प्रतिबद्ध चिकित्सकों ने कोविड के उत्कृष्ट चिकित्सा के साथ-साथ कोविड टीकाकरण को बड़े बेहतरीन ढंग से अंजाम दिया है। विदित हो कि भारत ने 18 जनवरी, 2021 से अपना पहला जन-टीकाकरण कार्यक्रम प्रारंभ किया। भारत सरकार के इस अभियान को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में बीएसपी के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के कुशल व प्रभावी नेतृत्व में 25 जनवरी 2021 को कोविड-19 के टीकाकरण का शुभारम्भ किया गया था। आज दिनांक 29 सितम्बर, 2022 को जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 में 1,12,791 खुराक लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रभावी तथा एचओडी पीडियाट्रिक्स डॉ संबिता पंडा के समन्वय के साथ मुख्य सलाहकार बाल रोग विषेषज्ञ डॉ कौशिक किशोर की देखरेख में नंदिनी माइंस हॉस्पिटल, सीआईएसएफहेल्थ सेंटर सेक्टर-3 और संयंत्र के भीतर स्थित एमएमपी-1 में विभिन्न स्थानों पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया।

हवन की आहुति से हुआ पूरा वातावरण शुद्ध, मंत्रोच्चार से शहर में गूंज रहा है जय जय कार, सरोज पांडेय ने दी आहुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। शहर के सत्तीचौरा म क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर विगत 4 दिनों से चल रहे 9 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ में प्रतिदिन सैकड़ों धर्मप्रेमी के साथ साथ राष्ट्रीय पार्टी के नेता, समाज सेवी, एवं जिले के विद्वान पण्डित भी पहुँच रहे है यज्ञ का लाभ लेने।

यज्ञ के 5वे दिवस आज क्वांर नवरात्र की पंचमी के अवसर पर यज्ञ में आहुति देने एवं परिक्रमा करने वालों की संख्या बहुत अधिक रही 3 दिन से बरसात होने के कारण लोगों की संख्या कम रही पर आज यज्ञ स्थल पर हजारों की संख्या में धर्मप्रेमियों ने यज्ञ में आहुति दी और प्रात: 9 बजे से हो परिक्रमा प्रारंभ हुई जो कि रात्रि तक चलती रही, लोगो ने अपनी अपनी मनोकामना अनुसार अलग अलग सामग्री से यज्ञ स्थल की 108 परिक्रमा की.

आज पँचमी के अवसर पर सत्तीचौरा में क्वांर नवरात्र पर्व में विराजमान की गयी दुर्गा माता जी की मूर्ति की महाआरती की गयी, आरती में 108 पूजा थाल से धर्मप्रेमियों ने आरती की इसके साथ साथ 108 दीपो वाली आरती से महाआरती की गयी, बाजा-गाजा के साथ माता जी की महाआरती की गयी. आज के आयोजन में राज्यसभा डॉ सुश्री सरोज पांडेय यज्ञ में सम्मालित होकर यज्ञ में आहुति दी, परिक्रमा करके माता जी का दर्शन किये, समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए माता जी की चुनरी उठाई गई..

आज पँचमी में विशेष रूप से आर.एन.वर्मा (उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा आयोग), चतुर्भुज राठी, राजेन्द्र शर्मा, उषा टावरी, सरिता शर्मा, दीपक साहू, कुलेश्वर साहू, प्रमोद जोशी, लोकेश सोलंकी, सतीश समर्थ, मनोज शर्मा, मनोज गुप्ता, दीपक चावड़ा, मनोज श्रीवास्तव, संजय शर्मा, राकेश मिश्रा, कृष्ण कुमार टावरी, मनोज टावरी, घनश्याम पंड्या, नरेंद्र राठी, प्रीति राजगढ़िया,

महाआरती में भक्तिमय हुआ पंडाल,विधायक ने अधिकारी व कर्मचारियों के साथ किया माँ की महाआरती:

विधायक ने महाआरती कर की मंगल कामना, भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर निगम परिसर मां दुर्गा मंदिर स्थित पंडाल में विराजे माँ दुर्गा माता की पूजा आज पंचमी स्वरूप मां स्कंदमाता का विधयाक अरुण वोरा ने अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ महाआरती में शामिल होकर पंडाल में विराजे माँ दुर्गा जी की महाआरती की गई ।इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता-एस.डी.शर्मा, प्रमोद दुबे, निज सहायक आयुक्त, शुभम गोईर, मनोहर साहू, उपअभियंता पंकज साहू, कारण यादव, विकास दमाहे, स्वास्थ्य अधिकारी, जावेद अली, राजकमल बोरकर, दुर्गेश गुप्ता, राजू बक्शी, थानसिंह यादव, ईश्वर वर्मा,भुवन दास साहू हेमलता वर्मा, साक्षी चौहान, योगेंद्र वर्मा, चित्ररेखा चन्द्राकर, प्रिंसी शर्मा, किरण अग्रवाल, पूर्णिमा तिवारी,

नीलू तिवारी, लीना वर्मा, ऋतु कुर्रे, शारद रत्नाकर, विजय राजूपत,अजय मिश्रा,किरण अग्रवाल, रोशनी आहूजा,तारा पाटिल सहित अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मां दुर्गा मंदिर परिसर के पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा सम्पन्न कराई। माता के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए पंडाल में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। शाम 6 बजे महाआरती में खासी संख्या में निगम के समस्त कर्मचारीगण व भक्तजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक ने महा आरती में शिरकत की और मां का आशीर्वाद लिया ।विधायक अरुण वोरा ने महाआरती कर की मंगल कामना,भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल।

एकलव्य विद्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती: वॉक इन इन्टरव्यू 6 को

कोरबा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला और लाफा पाली में सत्र 2022- 23 के लिए अस्थायी रूप से हिंदी सीबीएसई पैटर्न पर शाला संचालन के लिए मानदेय पर अतिथि शिक्षक टीजीटी, पीजीटी पद में भर्ती के लिए 06 अक्टूबर 2022 सुबह 10 बजे वॉक इन इन्टरव्यू का आयोजन किया गया है। वॉक इन इन्टरव्यू के लिए आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में आमंत्रित किया गया है। पीजीटी रसायन शास्त्र के एक एक पद तथा एकलव्य विद्यालय लाफा पाली में टीजीटी अंग्रेजी के एक रिक्त पद के लिए निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है।

Y Fitness

start 17500/-
Bajaj Finance Available
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। ऑनलाइन ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का बिलासपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपी लोन दिलाने के नाम लोगों से अब तक करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके हैं। ठगी गिरोह के 3 सदस्यों को तोरवा पुलिस ने कटनी से गिरफ्तार किया है। आरोपी लोन दिलाने के नाम पर लोगों को फांसते और फिर उससे प्रोसेस के नाम पर लाखों की ठगी करते थे।

रेलवे कर्मचारी को बनाया शिकार

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पारुल माथुर ने बताया कि रेलवे कॉलोनी तारबाहर निवासी जसविंदर पिता विनय कुमार(35) रेलवे विभाग में पदस्थ कर्मचारी हैं। जसविंदर को साइबर ठगों ने मुद्रा लोन व बजाज फाइनेंस के माध्यम से लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी को अंजाम दिया। प्रोसेस के नाम पर जसविंदर से आरोपियों ने अलग-अलग खाते में रुपए डलवाए। तोरवा थाने में शिकायत के बाद मामले की जांच के लिए तोरवा थाना प्रभारी फैजुल शाह होदा के साथ 8 सदस्यी टीम का गठन किया गया। टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार अलग-अलग राज्यों में दबिश दी। इस दौरान टीम को पता चला कि आरोपी मध्यप्रदेश के कटनी में छिपे हुए हैं। टीम ने कटनी में दबिश देकर रविंद्र कुमार पिता नंदलाल (26) निवासी पिंडरा थाना फूलपुर जिला वाराणसी उत्तरप्रदेश, विकाश पिता प्रमोद कुशवाहा (24) निवासी

माडर, थाना विजयपुर जिला गोपालगंज बिहार व सुजित कुमार पिता उमेश मुखिया (26) निवासी ग्राम बेहारी थाना बेहारी जिला दरभंगा बिहार को गिरफ्तार कर नगद रकम 2 लाख 55 हजार, इलेक्ट्रिक सामान व अन्य दस्तावेज जब्त कर न्यायालय में पेश किया। तोरवा पुलिस जब्त दस्तावेज की जांच कर रही है।

झांसे में आकर गंवाए 4 लाख 32 हजार

सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जसविंदर कुमार का मुजफ्फर नगर उत्तप्रदेश चरभावल में पैतृक मकान है। मकान बनवाने के लिए जसविंदर लोन की योजना बना रहे थे। इस दौरान मुद्रा फाइनेंस से धनंजय कुमार पटेल ने संपर्क किया और कम ब्याज में मुद्रा फाइनेंस व बजाज फाइनेंस के नाम पर लोन दिलाने का झांसा दिया। धनंजय कुमार के साथ श्रीधर पल्हार व रविंदर कुमार ने प्रोसेस का झांसा देकर 4 लाख 32 हजार 525 रुपए की आन लाइन ठगी कर ली।

आरोपियों के कब्जे से कई बैंक के एटीएम कार्ड जब्त

पुलिस ने आरोपियों से पास से मोबाइल विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड, लेपटॉप, टेबलेट, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, बैंक पास बुक, चेक बुक व 2 लाख 55 हजार बरामद किया है। दूसरी ओर जब्त रकम को बैंक में होल्ड भी कराया है।

खास-खबर

ट्रैफिक व्यवस्था देखने सड़क पर उतरे एसपी का नाबालिगों पर फूटा गुस्सा, पूछा बिना लाइसेंस और हेलमेट के कैसे चला रहे गाड़ी

भिलाई। दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने दुर्ग के सबसे भीड़भाड़ वाले इंदिरा मार्केट में ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। दुर्ग सिटी कोतवाली और मोहन नगर थाना क्षेत्र में पडने् वाले इस इलाके में शुक्रवार को एसपी सड़क पद पैदल चलते हुए लोगों को सुरक्षित सफर के लिए एक तरफ जहां जागरूक करते दिखे वहीं नाबालिगों को बिना हेलमेट और लाइसेंस के गाड़ी चलाते देख उनका गुस्सा फूट गया। एसपी ने कड़े शब्दों तीस से ज्यादा नाबालिगों को चेतावनी देते हुए अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि महज 1 किमी. के दायरे में 90 फीसदी से ज्यादा लोग बिला हेलमेट के गाड़ी चलाते हुए मिले हैं। उन्हें समझाइश दिया गया है। अगली बार बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। वहीं एक बाइक में तीन और चार लोग भी बैठे हुए मिले। ऐसे लोगों का चालान काटा गया है। त्योहारी सीजन में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए यह पहल की गई है।

हमर-बेटी, हमर मान अभियानः बेटियों की सुरक्षा के लिए स्पेशल पेट्रोलिंग वाहन रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

जशपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेटियों के विकास एवं सुरक्षा के लिए हमर-बेटी, हमर मान कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम का शुक्रवार को जिला मुख्यालय जशपुर स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक जशपुर विनय भगत, कलेक्टर जशपुर रितेश कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी रविशंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान बेटियों की सुरक्षा के लिए स्पेशल पेट्रोलिंग वाहन भी रवाना किया गया।

कार्यक्रम के तहत् पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बच्चों की सुरक्षा हेतु टोल फ्री नम्बर 1800-123-6010 लांच किया गया है। जिसके माध्यम से कोई भी पीड़ित बालिका स्वयं अथवा

बालिका की ओर से किसी भी व्यक्ति के द्वारा उसके साथ हो रहे शोषण, अत्याचार, दुर्व्यवहार, परेशानी या अपराध की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही बच्चों व उसके माता-पिता के लिये मनोचिकित्सक से परामर्श की सुविधा का भी प्रावधान है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिये पूर्व से निर्मित अभिव्यक्ति ऐप की भी जानकारी दी गई।

बेटियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग वाहन भी शुरू

बेटियों की सुरक्षा के लिए एक विशेष पेट्रोलिंग वाहन हमर बेटी हमर मान अभियान के तहत रवाना किया गया। महिला पुलिस टीम द्वारा स्कूल कॉलेज एवं अन्य संवेदनशील जगहों पर घूम घूम कर पेट्रोलिंग का कार्य करेंगे। इसी प्रकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिये अभिव्यक्ति ऐप पूर्व से तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से संकट में फंसी महिलाओं व बालिकाओं को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिये इमजेंसी नम्बर की सुविधा है। साथ ही बिना थाना गए, कहीं से भी अपनी शिकायत दर्ज कराने एवं शिकायतों के निराकरण की स्थिति को भी ऑनलाइन देखने की भी सुविधा दी गई है।

एक थाना चार थाना क्षेत्रों में रखा गया कार्यक्रम

जशपुर, पत्थलगांव कुनकुरी बगीचा सभी अनुभाग में हमर -बेटी हमर मान कार्यक्रम एक साथ रखा गया था, जिसमें पत्थलगांव के इंदिरा गांधी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुनकुरी के लोयोला कालेज में, चौकी करडेगा के हायर सेकेंडरी स्कूल, थाना दुलदुला के सेंट मेरी बालिका स्कूल एवं हाईस्कूल दुलदुला, थाना बगीचा क्षेत्र के कालेज एवं यात्री प्रतिक्षालय, सार्वजानिक स्थल, थाना सन्ना के हायर सेकेंडरी स्कूल, थाना आस्ता के हायर सेकेंडरी स्कूल हर्राडीपा, चौकी पण्डरापाठ के सार्वजानिक स्थल एवं जिले के दुर्गा पण्डालों, गरबा स्थलों में जाकर सामंजस्य बनाकर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की सुरक्षा के लिये टोल फ्री नम्बर 1800-123-6010 एवं अभिव्यक्ति एप का प्रचार-प्रसार किया गया है।

ट्रांसपोर्टर के दफ्तर में फायरिंग

डिमांड लेटर फेंक कर भागा बाइक सवार

कोरबा। शहर के सबसे व्यस्त एरिया ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार को फायरिंग से हड़कंप मच गया। ट्रांसपोर्टर के दफ्तर में शनिवार देर शाम फायरिंग हुई। फायरिंग करने वाले एक धमकी भरा पत्र भी फेंककर भागे हैं जिसमें किसी अमन साहू गैंग का नाम लिखा है और कोयला माफियाओं को धमकी भरे लहजे में चेतावनी दी गई है। देर शाम हुई इस घटना से आसपास दहशत का माहौल है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई है और जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरकेटीसी ग्रुप के ऑफिस में शाम करीब 7:30 बजे फायरिंग हुई। घटना के समय दफ्तर में कर्मचारी अपने अपने काम में लगे हुए थे। गोली ऑफिस के कांच में लगी। हालांकि इससे कोई घायल नहीं हुआ लेकिन इस कांड ने कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। मौके पर फायरिंग करने वाले ने एक डिमांड लेटर भी फेंका है जिसमें उसने मैनेज करने की बात लिखी है। घटना कोरबा के सीएसईबी थाना क्षेत्र का है।

फायरिंग करने वाले ने जो डिमांड लेटर छोड़ा है उसमें कोयला माफिया का धमकी दी गई है। लेटर में अमन साहू गैंग व मयंक सिंह का जिक्र है। धमकाने वाले लहजे में लिखा है कि सुशील सिंघल, अमर अग्रवाल जैसे जितने भी कोयला माफिया रायपुर व झारखंड में बैठकर कोयला का साम्राज्य चला रहे हैं वे कान का परदा खोल लें। आम्रपाली से शिवपुरी साइडिंग का मैनज नहीं करने का परिणाम है। यह अंतिम चेतावनी है अमन सिंह गैंग को नजर अंदाज करने की सजा मौत है। झारखड में काम करना है तो मेरे (मयंक सिहं, अमन साहू गैंग) से मैनेज करके ही कर सकते हो।

की जा रही है जांच

देर शाम आरकेटीसी ग्रुप के ऑफिस में अज्ञात बाइक सवार ने गोली चलाई है। बाइक पर हेलमेट लगाकर बाइक सवार आया और फायरिंग करके भाग गया है। मौके पर एक लेटर भी फेंक कर गया है। बाइक सवार की तलाश के लिए नाकेबंदी की गई है। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

नवल साव, थाना प्रभारी, सीएसईबी

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, एक घंटे बाद पड़ोसी किशोरी भी झूली फंदे पर

बिलासपुर (ए)। मस्तूरी क्षेत्र के मल्हार चौकी अंतर्गत जैतपुर निवासी युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर पुलिस गांव में पहुंचकर मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच पता चला कि युवक के घर से थोड़ी ही दूर पर रहने वाली किशोरी ने भी अपने घर में फांसी लगा ली है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों के स्वजन से पूछताछ कर घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

मल्हार चौकी अंतर्गत जैतपुर निवासी कमलेश भैना किसान हैं। शुकव्रार की सुबह वे अपनी पत्नी को लेकर खेत चले गए। इस दौरान उनका बेटा गौरीशंकर (18) घर में अकेले थे। दोपहर 12 बजे वे पत्नी के साथ घर लौटे। इस दौरान गौरीशंकर का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। उसने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। साथ ही मल्हार चौक पहुंचकर घटना की सूचना दी। इस पर पुलिस की टीम गांव पहुंच गई। मौके पर पुलिसकर्मी स्वजन से पूछताछ कर कार्रवाई में जुटे थे।

गांव के लोग भी वहां पहुंचे थे। पड़ोस में रहने वाला रामलाल भैना भी अपने परिवार के साथ वहां पहुंचकर कमलेश और उसके परिवार वालों को ढांढस बंधा रहे थे। इस बीच उसकी 17 साल की बेटी सोनहरि अपने घर में अकेली थी। रामलाल अपनी पत्नी के साथ घर लौटा तो सोनहरि का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। उसने इसकी जानकारी मोहल्ले के लोगों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी वहां पहुंच गई। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेजा गया है। पुलिस दोनों के स्वजन से पूछताछ कर रही है। वहीं, गांव के लोगों का भी बयान दर्ज किया गया है। इसमें घटना का कारण स्पष्ट नहीं है।

ऑनलाइन सटोरियों पर फिर दुर्ग में बड़ी कार्रवाई

लाखों की सट्टापट्टी व कैश के साथ 11 सटोरिए पकड़ाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। ऑनलाइन सट्टे पर दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दुर्ग, वैशाली नगर व भिलाई तीन पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा कारोबार से जुड़े 11 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इन सटोरियों के पास पुलिस ने लाखों की सट्टापट्टी और नकदी रकम सहित अन्य सामान बरामद किया है।

बता दें दुर्ग जिले में सट्टे के कारोबार नकेल कसने दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को एण्टी क्राईम व सायबर युनिट एवं थानों की संयुक्त टीम सट्टा पट्टी एवं ऑन-लाईन सट्टा से जुड़े लोगों को चिन्हांकित करते हुए कार्रवाई की। इस दौरान थाना दुर्ग क्षेत्र से राजेश बोयर, फिरोज अली, सलीम हासमी, थाना वैशाली नगर क्षेत्र से अनिल साव, कृपाराम वर्मा, ओमप्रकाश लंगे, मनोज वर्मा, परमजीत सिंह, राहुल कुर्रे, गणेश राम देवांगन, थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र से नितेश डोगरें को टीम द्वारा पकड़ा गया। शुरुआती पूछताछ में पुलिस को गुमराह करते रहें निरंतर पूछताछ करने पर सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा का काम करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल नगदी रकम 7430 रुपए तथा सट्टा कारोबार का लेखा-जोखा जब्त किया गया। हिरासत में लिये सटारियों पर वैधानिक कार्रवाई थाना दुर्ग, वैशाली नगर, एवं पुरानी भिलाई से की जा रही है। दुर्ग एसपी ने बताया कि सटारियों पर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि (भ/स) संभाग, बेमेतरा

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक - 5759/NIT-38/2022-2023/व ले लि दुर्ग, दिनांक 28.09.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10.10.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 14.10.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 17.10.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में)
1	2	3
38 T0241	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत जेवरा सेक्शन के विभिन्न मार्गों में WMM एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य	19.90 15000.00
38 T0242	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत खंडसरा सेक्शन के विभिन्न मार्गों में WMM एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य	19.90 15000.00
38 T0243	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत हसदा सेक्शन के विभिन्न मार्गों में WMM एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य	19.90 15000.00

निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-94722/3

कार्यपालन अभियंता
लो. नि. वि. (भ/स) संभाग बेमेतरा

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

summer offer on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. -- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

फोटो : गौकरण निषाद (गणेश)

नेशनल हाइवे की ऐसी तस्वीर देख कर आपके रौंगटे खड़े हो जाएंगे, यहां गाड़ियां चलती नहीं रेंगती हैं

फोरलेन पर जहां जहां फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है वहां की सड़के हो गई है बद से बदतर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। क्या आपने कभी ऐसा नेशनल हाइवे देखा है जहां वाहनों को दौड़ाना तो दूर चलाया भी नहीं जा सकता बल्कि कीड़ों मकोड़ों की तरह रेंगते हुए देख सकते हैं। ऐसी सड़क देश किसी भी कोने में नहीं मिलेगी लेकिन छत्तीसगढ़ में देखने को मिल जाएगी। देश भर को फौलादी लोहा देने वाली इस्पात नगरी से होकर गुजरने वाली नेशनल हाइवे की हालत इन दिनों ऐसी ही हो गई है। शहर के बीचो-बीच से गुजरने वाली इस सड़क पर इतने गड्ढें हैं कि इनकी गिनती करना भी काफी मुश्किल है। दरअसल नेशनल हाइवे अथारिटी ऑफइंडिया (NHAI) द्वारा शहर के चार प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। इसके कारण सुपेला से लेकर कुम्हारी तक जहां जहां फ्लाईओवर को निर्माण किया जा रहा है वहां पर सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। इनमें से कुम्हारी व सुपेला की फ्लाईओवर को एक ओर से शुरू कर दिया गया तो छोटे वाहन चालकों की दिक्कतें कम हुई है। लेकिन खुर्सीपार का डबरा पारा चौक व भिलाई पावर हाउस में वाहन चालकों को साक्षात नर्क के दर्शन हो रहे हैं।

डबरापारा चौक के हालात सबसे बदतर

नेशनल हाइवे पर सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति कहीं की है तो वह है डबरापारा चौक की। यहां पर दोनों ओर से सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है। यहां के हालात ऐसे हैं कि देखना भी मुश्किल है। खुर्सीपार थाने से शुरू होकर डबरा पार करते तक लोगों को यहां दिन भी तारे नजर आते हैं। यहां पर लगभग 600 मीटर की सड़क पर इनते सारे गड्ढें हैं कि लोगों की गाड़ियां नहीं चल पाती है।

रोज होता है मौत से सामाना

डबरा पारा चौक पर सड़क की जो हालत है उसे देखकर कहा जा सकता है के यहां से गुजरने वालों का रोज ही मौत से सामना होता है। हिचकोले खाते वाहन ऐसे लगते हैं जैसे कि कभी भी पलट जाए। इन वाहनों से सटकर निकलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हमेशा डर लगा रहता है कि कहीं से कोई भारी वाहन उन्हें अपनी चपेट न लेले। इस चौक से जिंदा बचकर निकल गए तो वे बड़े ही खुशकिश्मत हैं क्योंकि यहां के हालात ही ऐसे बन गए हैं।

नेताओं ने बदल दिया है अपना रास्ता

वीवीआईपी जिले से मंत्री व विधायकों जमावड़ा लगा रहता है। दुर्ग जिले से गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, गुरु रुद्र कुमार सहित विधायक अरुण वोरा, विधायक देवेन्द्र यादव आदि का सीधा संबंध है। खराब व जर्जर सड़क के कारण नेता व जनप्रतिनिधियों ने अपना रास्ता बदल दिया है। रायपुर से दुर्ग के लिए अब यह नेता अमलेश्वर से पाटन-उतई का रास्ता इस्तेमाल करते हैं। इसके पीछे की वजह भी साफहै क्योंकि इन्हें जर्जर सड़क जो नहीं देखनी है।

एनएचएआई की गैरजिम्मेदाराना रवैय्या

मानसून शुरू होने के पहले से हाइवे पर जहां जहां फ्लाईओवर बन रहे हैं वहां की सड़कें खराब हैं। इसके बाद भी एनएचएआई ने गैर जिम्मेदाराना रवैय्या अपनाया हुआ है। सड़क का काम करने के बजाय जिम्मेदार अफसरों ने अपनी आंखें बंद कर रखी हैं। लोगों की हो रही समस्या अफसरों को नहीं दिख रही है शायद यही वजह है कि अब तक सड़कों का की मरम्मत नहीं हो पाई है। खास बात यह है कि एनएनएआई के अफसर भी इसी रास्ते से गुजरते हैं।

बारिश थमने पर शुरू करेंगे काम

नेशनल हाइवे पर बारिश के कारण कई जगह पर सड़के खराब हो गई है। बारिश थमने के बाद सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। हमारा फोकस 10 अक्टूकर तक है और देख रहे हैं कि बारिश पूरी तरह थम जाए। बीते कुछ दिनों काफी बारिश हुई है और इसके कारण सड़के और ज्यादा खराब हुई हैं। सभी सड़कों को बनाया जाएगा। बारिश थमने के बाद सबसे पहले डबरापारा चौक के दोनों ओर लगभग 600 मीटर की सड़क को बनाया जाएगा। इसके साथ ही सभी चौराहों पर सड़क की मरम्मत होगी।

अभीजीत सोनी
जेई, एनएचएआई, रायपुर डिवीजन

सेक्टर 1 पहुंचे विधायक देवेंद्र वार्डवासियों से किया संवाद संपर्क समीक्षा समाधान के तहत जारी है भेट मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार वार्ड दौरा कर रहे हैं। बारी-बारी से वार्डों में जाकर लोगों से भेंट मुलाकात करके उनका हाल चाल जान रहे हैं। लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और समाधान भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव 30 सितंबर को सेक्टर 1 पहुंचे। जहां वे वार्ड दौरा किए। सभी गली मोहल्ले का निरीक्षण किए। लोगों से मिले, बड़े बुजुर्गों का चरण छू कर प्रणाम किया और आशीर्वाद के साथ भिलाई के विकास के लिए मार्गदर्शन लिया।

इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव सबसे पहले सेक्टर 1 स्थिति लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे। जहां भगवान की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना कर भगवान के चरणों पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए और सेक्टर 1 सहित पूरे भिलाई वासियों के सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। इसके बाद वे क्षेत्र के लोगों से भेंट मुलाकात किए। तब लोगों ने यहां मंदिर प्रागण में भगवान की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। इस पर विधायक श्री यादव ने आश्वस्त किया कि वे जल्द ही यह शुभ काम को पूर्ण कराएंगे। इसके अलावा सेक्टर 1 के महिला समूह से मिले। सभी समूह द्वारा फिनाइल आदि चीजों का निर्माण किया जाता है। लघु उद्योग के माध्यम से महिलाएं जो भी उत्पादन कर रही है। उन सभी चीजों को वे आसानी से बेच सकें। इसके लिए उनके लिए वार्ड में एक मिनी मदर्स मार्केट का निर्माण किया जाएगा। ताकि महिलाएं अपना प्रोडक्ट आसानी से बेच सकें। इसके बाद वे बारी-बारी से सड़क 12,13,14,15 सभी गलियों का निरीक्षण किए। लोगों से मिलकर उनकी समस्या ओं को जाना और उनका निदान करने निगम के संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए।

गार्डन का होगा जीर्णोद्धार

महिलाओं ने विधायक देवेंद्र यादव को वार्ड की समस्याएं बताई। स्वामी विवेकानंद गार्डन में कुछ जरूरी मूलभूत सुविधाओं की मांग की। तब विधायक श्री यादव ने कहा कि वे गार्डन का जीर्णोद्धार करा देंगे। साथ ही यहां महिलाओं के लिए भी विशेष सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं ने बताया कि गार्डन में रात में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। जिससे लोगों को बड़ी समस्या होती है। विधायक श्री यादव ने तत्काल एसपी को कॉल किया और समस्या बताई साथ ही तत्काल एक्शन लेने के लिए कहा।

चाय पर चर्चा

मोहल्ले के रोड गड्ढा हो गया है। जिसमें पानी भरा रहता है। इससे लोग परेशान है। साथ ही वार्ड में सफाई भी ठीक से नहीं होती है। इसके अलावा कई समस्याएं वार्डवासियों ने विधायक देवेंद्र यादव को बताई। विधायक श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों से बात की और सभी समस्याओं को जल्द निपटाकर सूचना देने का निर्देश दिया।

इसके बाद सेक्टर 1 एसबीआई बैंक के पास चाय पर चर्चा की गई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी व वार्ड के युवाओं के साथ बैठकर विधायक देवेंद्र यादव चाय पीए और सरकारी योजनाओं से लेकर अन्य सभी जरूरी विषयों पर चर्चा की।

राज्य का पहला टूल सेंटर जहां नॉलेज के साथ युवाओं को रोजगार भी

सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्रालय भारत सरकार की ओर से मिल रहा प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई । छत्तीसगढ़ का पहला टूल सेंटर जहां युवाओं को नॉलेज के साथ रोजगार भी मिल रहा है। दुर्ग के रमसड़ा स्थित सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्रालय भारत सरकार की ओर से संचालित एमएसएमई के टूल सेंटर की में अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह छत्तीसगढ़ का इकलौता सेंटर है जहां जनरल इंजीनियरिंग के कई कोर्स है जिसमें युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं।

हाल ही में छत्तीसगढ़ अंतवसायी वित्त विकास निगम की ओर से 25 युवाओं ने शार्ट टर्म ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग के दौरान ही कई युवाओं को जिंदल स्टील सहित दूसरी कंपनी नौकरी भी मिल गई। प्रशिक्षण के दौरान अंतव्यसायी वित्त निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी ने इन युवाओं से बातचीत कर उनका अनुभव जाना। उपाध्यक्ष नीता लोधी ने बताया कि शासन की ओर से अंतव्यवसाई वित्त विकास निगम की ओर से इन छात्रों का चयन किया गया था। जिसके बाद वे यहां होने वाले आवासीय प्रशिक्षण में शामिल हुए।

खुले रोजगार के रास्ते

छात्रों ने बताया कि पिछले दो महीनों से वे प्रशिक्षण ले रहे हैं और उन्होंने यहां काफी कुछ सीखा और सीखने के बाद रोजगार के कई रास्ते भी खुले हैं। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट मिलते ही उन्हें नौकरी भी मिल जाएगी। सेंटर के मुख्य प्रबंधक रितेश कुमार तांडेकर ने बताया कि इस सेंटर के माद्यम से कई ऐसे कोर्स चलाए जा रहे हैं जो युवाओं को नई दिशा दे रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950